वर्ष-22 ■ अंक-236
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल
■ शनिवार ■ 29 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत्-2081

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
# समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in







## पेंशनर्स महासंघ सहित अन्य समितियों को एक- एक लाख रुपए देगी प्रदेश सरकार

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की बड़ी घोषणा

**समय जगत, भोपाल।** पेंशनर्स अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बड़ी घोषणा की है। पेंशनर्स महासंघ सहित अन्य समितियों को सरकार एक एक लाख का फंड देगी। सीएम डॉ मोहन ने कहा- जब मैं उच्च शिक्षा मंत्री बना था तब लोगों ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में कर्मचारी, प्रोफेसर, छात्र से मंत्री परेशान हो जाता है। मैंने कहा- जिसके पास किसी को साधने का मंत्र नहीं वो काहे का मंत्री। हम विश्वविद्यालयों को समर्थ बना रहे हैं, आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास कर रहे हैं। सारे विश्वविद्यालय कृषि-मेडिकल जैसे सभी सोर्स चलाने के लिए स्वतंत्र कर दिए हैं। विश्वविद्यालय विद पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में डॉ मोहन ने कहा- जैसा कि हमने पूर्व में कैबिनेट में निर्णय किया था कि उनको सातवें वेतनमान की राशि दी जाएगी। विश्वविद्यालय पेंशनर्स के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक को कोई कठिनाई नहीं आएगी, मैं सदैव उनके साथ खड़ा हूं और हमारे यहां विश्वविद्यालय की दो ही श्रेणी है या तो सरकारी या निजी। मैं मान के चलता हूं कि विश्वविद्यालय अपने अपने क्षेत्र में आगे बढ़े उन्नति करें अच्छे नए-नए कोर्स खोलें। नए कोर्सों के बलबूते पर विश्वविद्यालय समर्थ हो और स्वावलंबी बने। इस भाव से मैंने शुभकामनाएं दी और आभार भी माना उन्होंने मुझे सम्मानित किया इसके लिए पुनः धन्यवाद।

## चारधाम यात्रा में मंदिर के अंदर वीडियो और रील बनाने पर लगी रोक

चारधाम यात्रा में मंदिर के अंदर वीडियो और रील बनाने पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा इस साल 30 अप्रैल से शुरू होगी। हर साल लाखों श्रद्धालु यात्रा पर आते हैं। इस बार चारधाम यात्रा को लेकर कुछ नए नियम बनाए गए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो और रील बनाने वालों के लिए खास नियम हैं। मंदिर के अंदर वीडियो और रील बनाने पर रोक लगा दी गई है। ऐसा करने पर दर्शन किए बिना ही वापस भेज दिया जाएगा। इसके अलावा वीआईपी दर्शन भी बंद कर दिए गए हैं। इस बार यात्रा के लिए 9 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए कई इंतजाम किए जा रहे हैं। केदारनाथ-बद्रीनाथ पंडा समाज ने फैसला लिया है कि इस बार यात्रा में रील बनाने वालों को मंदिर में घुसने नहीं दिया जाएगा। बीते साल वीडियों बनाने वाले यात्रियों की वजह से कई जगह पर व्यवस्था बिगड़ गई थी। केदारनाथ धाम में सिर्फ वीडियो बनाने के लिए ढोल-नगाड़े बज रहे थे। इससे प्रकृति और श्रद्धालुओं की शांति भंग हो रही थी। इसलिए इस बार प्रशासन ने कैमरा चालू करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। वहीं इस साल चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन भी बंद कर दिए गए हैं। बद्रीनाथ धाम के पंडा पंचायत के कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया ने कहा कि पैसे लेकर दर्शन करवाना भगवान की मर्यादा के खिलाफ है। इसलिए इस बार सभी श्रद्धालु सामान्य दर्शन ही कर पाएंगे। इससे सभी को दर्शन करने का समान मौका मिलेगा। चारधाम यात्रा 30 अप्रैल, से शुरू होगी। सबसे पहले गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने है। इसके बाद 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट और सबसे आखिर में 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। यात्रा मार्ग को 10-10 किलोमीटर के हिस्सों में बांटा गया है। हर हिस्से में 6 पुलिसकर्मी तैनात हैं। अगर मौसम खराब होता है, तब यात्रियों को राहत देने के लिए 10 जगहों पर होल्डिंग स्थल बनाए गए हैं। यहां पर खाने-पीने और दूसरी जरूरी चीजें मिलेंगी।

### जम्मू-कश्मीर टेरर फंडिंग केस में कोर्ट में दी राहत की अर्जी

## संसद जाने के लिए इंजीनियर राशिद को रोज खर्च करने होंगे 1.45 लाख

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर टेरर फंडिंग केस में जेल में बंद बारामूला के निर्दलीय सांसद अब्दुल राशिद शेख उर्फ इंजीनियर राशिद को दिल्ली हाईकोर्ट ने कस्टडी पैरोल पर संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति दी है। हालांकि, इसके लिए उन्हें जेल से संसद तक की यात्रा और सुरक्षा व्यवस्था पर रोजाना 1.45 लाख रुपये अपनी जेब से खर्च करने होंगे। इस वित्तीय बोझ से राहत पाने के लिए राशिद ने दिल्ली हाईकोर्ट में अर्जी दायर की है। सांसद राशिद के वकील ने दलील दी कि 1.45 लाख रुपये प्रतिदिन का खर्च उनकी वित्तीय क्षमता से बाहर है। याचिका में कहा गया, कि राशिद अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए संसद सत्र में भाग लेना चाहते हैं, इसलिए उन पर इतना भारी वित्तीय बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। इससे पहले, दिल्ली हाई कोर्ट ने 4 अप्रैल तक हिरासत में रहते हुए राशिद को लोकसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति दी थी। अदालत ने एनआईए की



इस दलील को खारिज कर दिया था कि राशिद देश छोड़कर भाग सकते हैं। हालांकि, परिवहन और सुरक्षा खर्च राशिद को खुद वहन करने का निर्देश दिया गया। यदि खर्च की बात की जाए तो 1.45 लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 6 दिनों के लिए कुल खर्च 8.74 लाख रुपये खर्च करने होंगे। तिहाड़ जेल अधिकारियों ने 26 मार्च को राशिद की कानूनी टीम को ईमेल के जरिए यह जानकारी दी। राशिद ने अब इस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। यह मामला दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष है, जिस पर सुनवाई होनी है। इंजीनियर राशिद ने इससे पहले ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें कस्टडी पैरोल या अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने हिरासत में रहते हुए संसद सत्र में भाग लेने की उनकी मांग मंजूर कर ली।

गौरतलब है कि साल 2017 के टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने इंजीनियर राशिद को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (ऊपा) के तहत 2019 में गिरफ्तार किया था। उन्हें तिहाड़ जेल में रखा गया है। बावजूद इसके, उन्होंने जेल से ही 2024 लोकसभा चुनाव लड़ा और बारामूला सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन को हराया।

## श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसलिए राहुल गांधी नहीं गए महाकुंभ: वाड्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के महाकुंभ नहीं जाने को लेकर लंबे समय से सियासी बयानबाजी हो रही है। इस पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति राबर्ट वाड्रा ने कहा अगर हम महाकुंभ में जाते तो वहां वीआईपी व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती थी। हम नहीं चाहते कि हम लोगों की वजह से श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि हम कुछ भी सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए नहीं करते। हमें यह दिखाने की जरूरत नहीं है कि हम कितने सेक्युलर हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरा मानना है कि हमें धार्मिक क्रियाओं में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए भाग नहीं लेना चाहिए।

## गाजा हुआ तबाह, 50 हजार से अधिक लोगों की हुई मौत

**गाजा।** हमास और इजरायल के बीच जारी जंग में अब तक 50 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। फिलिस्तीन का गाजा शहर पूरी तरह तबाह हो गया है। गाजा पर हमास का शासन है। इजरायली हमले में हमास के तमाम बड़े नेता और हजारों लड़ाके मौत की नींद सो चुके हैं। आम लोगों को भी बड़ी तबाही झेलनी पड़ी है। इस बीच अब गाजा की फिजा में चैन की बायर बहती दिख रही है। दरअसल, हमास-इजरायल के बीच जारी इस जंग से फिलिस्तीन की आम जनता भी बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। वह अब चैन चाहती है। ऐसे वह सड़कों पर उतर रही है। बुधवार को उत्तरी गाजा में बुरी तरह नष्ट हो चुके एक कस्बे में हजारों फिलिस्तीनियों ने जुलूस निकाला। यह युद्ध-विरोधी प्रदर्शनों का दूसरा



दिन था। कई लोग हमास के खिलाफ नारे लगा रहे थे। यह इस चरमपंथी संगठन के खिलाफ आम लोगों का गुस्सा दिखाता है। सवाल यह है कि आखिर फिलिस्तीन में आम लोग अब हमास के खिलाफ क्यों सड़कों पर उतर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि आम इंसान जंग से आजीज आ चुके हैं। कुछ ये भी कह रहे हैं कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस चेतावनी का भी असर हो सकता है जिसमें उन्होंने हमास-इजरायल जंग को खत्म करने के लिए फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाने की बात कही थी। खैर इसका कारण जो भी, लेकिन आम फिलिस्तीनियों का सड़क पर उतरना गाजा और पूरे मध्य पूर्व में शांति की आहट का संकेत देता है। बुधवार को ज्यादातर प्रदर्शन गाजा के उत्तरी हिस्से में हुए। लोग 17 महीने से चल रही इजराइल के साथ जंग को खत्म करने की मांग कर रहे थे, जिसने गाजा में जिंदगी को बहुत मुश्किल बना दिया है। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने हमास की भी खुलकर आलोचना की, जिसका अब भी गाजा पर कब्जा है।

## भारत में 284 हुई अरबपतियों की संख्या, अमेरिका-चीन के बाद तीसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** भारत में लगातार अरबपतियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। अब यह संख्या बढ़कर 284 हो गई है, जिनकी कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ रुपए है। एक लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया गया है कि रिपोर्ट पता चलता है कि देश के सबसे धनी व्यक्तियों की कुल संपत्ति में पिछले एक साल में 10 फीसदी की वृद्धि हुई है और अकेले मुंबई में 90 अरबपति हैं। भारत वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में है, अरबपतियों की संख्या के मामले में देश विश्व में तीसरे नंबर पर है, जो केवल अमेरिका और चीन से पीछे है। अमेरिका 870 अरबपतियों के साथ इस सूची में टॉप पर हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 175 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में बढ़ोतरी हुई है, जबकि 109 की संपत्ति में या तो गिरावट आई है या बदलाव नहीं हुआ है। एक भारतीय अरबपति की औसत संपत्ति अब 34,514 करोड़ है। इसके अलावा भारत में 40 साल से कम आयु के 7 अरबपति हैं, जिनमें से अधिकांश बेंगलुरु और मुंबई के हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने पिछले साल 189 बिलियन डॉलर की कमाई के साथ सबसे बड़ी संपत्ति वृद्धि दर्ज करवाई। मस्क ने पांच साल में चौथी बार दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में अपना खिताब बरकरार रखा है और वह 400 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस 266 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर हैं। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने मेटा के एआई और टेक्नोलॉजी में अपग्रेड में मजबूत निवेशक विश्वास के कारण पहली बार टॉप थ्री में जगह बनाई। इस साल की सूची में मनोरंजन, खेल और सोशल मीडिया से भी नाम शामिल रहे। इनमें सिंगर जे-जेड, रिहाना, टेलर स्विफ्ट और पॉल मेकार्टनी शामिल हैं। अरबपति क्लब में जगह बनाने वाली खेल हस्तियों में माइकल जॉर्डन, टाइगर वुड्स, फ्लॉयड मेवेदर, लेब्रोन जेम्स, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी शामिल हैं। किम कार्दशियन वर्ल्ड रैंकिंग में शामिल होने वाली एकमात्र प्रभावशाली हस्ती हैं।

**कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ के पार, अकेले मुंबई में ही हैं 90 अरबपति**

आकलन — 15 करोड़ नए एसी लगेंगे, विशेषज्ञों ने जताई संभावना

## 2035 तक अधिकतम बिजली की जरूरत होगी 180 गीगावाट

**नई दिल्ली।** कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी) में भारत ऊर्जा और जलवायु केंद्र (आईईसीसी) के अध्ययन में बताया गया है कि भारत में अगले दशक में 13-15 करोड़ नए रूम एयर कंडीशनर (एसी) की जरूरत होगी। इससे वर्ष 2035 तक देश की अधिकतम बिजली की मांग 180 गीगावाट (जीडब्ल्यू) से अधिक बढ़ सकती है और इससे बिजली की खपत पर दबाव पड़ेगा। अध्ययन में कहा गया है कि सबसे तेजी से विकसित हो रही यह प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले भारत में अगले 10 वर्षों में रूम एसी की ऊर्जा दक्षता को दोगुना करके गंभीर बिजली की कमी से बच सकती है और उपभोक्ताओं के 2.2 लाख करोड़ रुपये (26 अरब डॉलर) तक बचा सकती है। अभी भारत सालाना 1-1.5 करोड़ नए एसी जोड़ता है। नीतिगत हस्तक्षेप के बिना, अकेले वर्ष 2030 तक 120 गीगावाट और वर्ष 2035 तक 180 गीगावाट बिजली की अधिकतम मांग बढ़ सकती है। यह कुल डिमांड का लगभग 30 फीसदी है। अध्ययन के प्रमुख लेखक और यूसी बर्कले के फैकल्टी



निकित अभ्यंकर ने कहा कि यह वृद्धि भारत की बिजली आपूर्ति से आगे निकल रही है और वर्ष 2026 की शुरुआत में ही बिजली की गंभीर कमी हो सकती है। पिछले साल, अखिल भारतीय अधिकतम बिजली की मांग 30 मई को 250 गीगावाट को पार कर गई थी, जो अनुमानों से 6.3 फीसदी अधिक थी। जलवायु परिवर्तन से प्रेरित गर्मी का तनाव बिजली की मांग को बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में से एक है। भारत की कुल बिजली खपत में घरेलू क्षेत्र की हिस्सेदारी वर्ष 2012-13 में 22 फीसदी से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 25 फीसदी हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा आर्थिक वृद्धि और बढ़ते तापमान के कारण है। वर्ष 2024 की गर्मियों में, रिकॉर्डतोड़ तापमान के बीच कमरे के एयर कंडीशनर की बिक्री में साल-दर-साल 40 से 50 फीसदी की वृद्धि हुई। वहीं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में ऑक्सफोर्ड इंडिया सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में चल रहे एक शोध के अनुसार, कुल आबादी के हिसाब से सबसे बड़ी एसी की मांग भारत से आएगी। इसके बाद चीन, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, ब्राजील, फिलिपीन और अमेरिका का नंबर आएगा।

# उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने किया पुष्प वर्षा से स्वागत

**समय जगत, मंडला।** चैत्र महीने में पवित्र उत्तर वाहिनी पैदल नर्मदा परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न राज्यों सहित मंडला जिले के नर्मदा भक्त शामिल हुए महाराजपुर कारी कोन नर्मदा परिक्रमा पथ पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों स्थानीय नागरिकों ने उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत, अभिवादन करते हुए हर हर नर्मदे के जयघोष किए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव के साथ परिक्रमा यात्रियों को जलपान कराया। उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रा के प्रथम दिन का पड़ाव ग्राम घाघी में हुआ, यहां शाम को आयोजित नर्मदा आरती में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि उत्तर वाहिनी मां नर्मदा की पवित्र परिक्रमा यात्रा के प्रति लोगों की श्रद्धा आस्था विश्वास और आध्यात्मिक भाव का ये अद्भुत समागम है।पैदल परिक्रमा में वृद्धजन मातृ



शक्तियों,युवा बड़ी संख्या में शामिल हैं ।ये मां नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा का भाव मन में समेटे हुए है। परिक्रमा पथ पर जगह-जगह हर हर नर्मदे नमामि देवी नर्मदे जलतरंग सर्वदा नमामि देवी नर्मदा के जयकारों का गुंजायमान से नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने मां नर्मदा के तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना, नर्मदा जी का प्रवाह निरंतर बना रहे जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण नर्मदा जी के तटों में प्लास्टिक की सामग्री का उपयोग बंद करने के संदेश की तख्ती लेकर मार्ग में चल रहे है।

उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा का यह नजारा नर्मदा परिक्रमा पथ पर हमारी सनातन धार्मिक परंपरा, आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा जी से प्रार्थना है कि यह पवित्र यात्रा सभी के लिए सुख समृद्धि और मंगलमय हो।

## कमल सिसोदिया परिवार में आई मां गणगौर पावनी

**समय जगत, खिरकिया।** खड़ा स्थापना के साथ चैत्र माह में बड़े पैमाने पर भुआणा क्षेत्र में मनाए जाने वाले गणगौर उत्सव की शुरुआत हो गई है। 9 दिनों तक क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन की धूम मच रही है। आयोजनकर्ता कमल सिसोदिया राजा सिसोदिया तहसील खिरकिया जिला हरदा के ग्राम चौकडी में गणगौर महोत्सव की शुरूआत की थी आज वर्तमान तक जारी है यह 12 वर्ष है। जिसको लेकर आयोजक परिवारों में जबरदस्त उत्साह है। गणगौर उत्सव का अलग ही उत्साह गांवों में देखने को मिलता है। विद्युत सज्जा से भव्य पंडाल तैयार किए गए हैं। जिसमें रात्रि में गणगौर मंडलियों द्वारा भजनो व नृत्यों की प्रस्तुति दी रही है। गणगौर माता का पाठ किया जा रहा है। 1 अप्रेल को ज्वारों के विसर्जन के साथ गणगौर उत्सव का समापन किया जाएगा। नौ दिवसीय गणगौर उत्सव में पुरुष मंडलियों द्वारा गीतों के साथ झालरे स्वांग आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे है। भारतीय संस्कृति वैसे तो अत्यधिक जटिल जान पड़ती है। परंपराओं और रीती.रिवाजों की इन जटिलताओं को यदि भावनाओं के कोमल हाथों से कुरेदा जाए तो प्यार और संवेदनाओं की महीन डोरियों की छुअन सहृदय व्यक्ति को खासा रोमांचित कर सकती है। गणगौर पर्व इन्ही सामाजिक रिश्तों.नातों की डोरियों से बंधा हुआ ईश्वर के प्रतीक स्वरूप मात्र दो पात्रों को केंद्रित कर समूचे गृहस्थ जीवन की परिकल्पनाओं को प्रतिबिंबित करता है। गणगौर पर्व हिंदू धर्म के मूल आराध्य शिव.पार्वती की पूजा.अर्चना के साथ ही विविधताओं को समेटे हुए है। इस पर्व को लोकजीवन के आधार पर मनाया जाता है। इस पर्व में गोरा मैया रनुबाई बनकर एवं महादेव धनियर राजा के रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। गणगौर महोत्सव में मालवा निमाड़ भुआणा की साझी संस्कृति की झलक दिखाई देती है। जहां कन्याएं महिलाएं परंपरागत नृत्य करती हैं।

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में ट्विन स्ट्रिंग्स बैंड की म्यूजिकल परफॉर्मेंस से झूम उठे श्रोता



**समय जगत, भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा स्किल्स फ्यूजन फेस्ट 2025 वार्षिकोत्सव को गुरुवार को सेलिब्रेट किया गया। इस जश्न को और भी खास और यादगार बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में प्रसिद्ध बैंड ट्विन स्ट्रिंग्स का लाइव म्यूजिक कंसर्ट आयोजित किया। म्यूजिकल नाइट में विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ शहर की जनता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सिंगर सागर, साहिल, मानव और मोहित के गानों पर थिरके। उम्दा साउंड अरेंजमेंट्स और बेहतरीन लाइटिंग के साथ-साथ सिंगर्स ने सुरों का कुछ ऐसा समा बांधा की विश्वविद्यालय परिसर दर्शकों के अभिवादन और प्रशस्ति में बजाई गई तालियों से गूंज उठा। म्यूजिक बैंड ने शाम की शुरुआत बेख्याली... गीत से की। उसके बाद उन्होंने केसरिया तेरा..., मस्त मौला मस्त कलंदर..., तू मेरा कोई होके भी कुछ लागे..., जी ले जरा..., आशिकी..., कुछ तो है तुझे राब्ता..., तू पहला प्यार है मेरा ... जैसे पॉपुलर सॉन्ग्स पर नाचने को मजबूर कर दिया।

बैंड को सुनने बड़ी तादाद में लोग आए। और संगीत से अपनी शामें सजाई। इस अवसर पर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, प्रो-चांसलर, डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलाधिपति स्कोप स्किल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, कुलगुरू प्रो. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक श्री नितिन वत्स विशेष रूप से मौजद रहे। इससे पहले दिन के सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें रंगोली, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी, नेल आर्ट शामिल रहे।

## नगर परिषद टिमरनी की बैठक में आम बजट हुआ स्वीकृत

**समय जगत, टिमरनी।** नगर परिषद टिमरनी का साधारण बैठक का आयोजन नगर परिषद् सभा कक्ष में किया गया। जिसमें बजट सहित विभिन्न तीन विषय सहित कुल चार विषय परिषद में विचार निर्णय हेतु प्रस्तावित किए गए थे, जिसमें सर्वप्रथम नगर परिषद द्वारा वितीय वर्ष 2025 26 का अनुमानित आय व्यय बजट पर चर्चा की गई साथ ही वास्तविक बजट वर्ष 2024 25 पर विचार विमर्श कर परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वर्ष 25-26 में विभिन्न मदों में आय राशि 79,15,98,500/ के विरुद्ध व्यय राशि 79,15,60,000/तथा बचत राशि 38,500/का प्रावधान किया गया इसी प्रकार वास्तविक बजट वर्ष 2024- 25 में विभिन्न मदों में आय राशि 12,68,17081/ व्यय राशि 12,67,46,725/ बचत 70356/ है इस प्रकार बजट वर्ष 2025-26 में विभिन्न निर्माण विकास कार्यो के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित अमृत योजना वाटर बॉडी योजना संजीवनी



योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्माण विकास कार्यो को प्रावधानित कर प्रस्तावित किया गया है, साथ ही निकाय में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी के वेतन भत्तों के साथ-साथ विद्युत बिल पेयजल व्यवस्था अग्निशमन व्यवस्था जलप्रदाय व्यवस्था साफ-सफाई व्यवस्था आदि में राशियों का प्रावधान किया गया। वर्ष 25 - 26 में शासन द्वारा संचालित योजना अमृत 2.0 अंतर्गत 26 करोड़ का प्रावधान किया गया। लीक्बेस्टवॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का 7 करोड़ 50 लाख का प्रावधान किया गया है, एसडीआरएफ योजना अंतर्गत 80 लाख का प्रावधान किया गया, तथा एमआरएफ सेंटर हेतु 75 लाख का प्रावधान किया गया है तथा शहर के सभी सौंदरीकरण कार्यो के साथ-साथ सड़क नाली एवं वर्षा जल की निकासी हेतु नालों को निर्माण एवं एवं अन्य निर्माण विकास कार्य का प्रावधानित किया जाकर बजट परिषद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। बजट बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति एवं आरक्षित वार्डों के साथ-साथ अन्य पिछड़े वार्डों में जो व्यय पक्ष में बजट प्रावधान 20 लाख रुपया किया गया था उसको संशोधित कर 50 लाख रखने हेतु चर्चा कर बजट पुंनरीक्षित किया जाकर प्रावधान करने की चर्चा की गई साथ ही अन्य तीन विषय भी परिषद द्वारा निर्णय लिए जाकर स्वीकृत किए गए । परिषद बैठक में अध्यक्ष नगर परिषद टिमरनी देवेंद्र भारद्वाज द्वारा बताया कि इस वर्ष 25-26 का बजट शहर विकास को लेकर एवं ध्यान रखकर प्रस्तावित किया गया है जिसमें विभिन्न निर्माण, विकास कार्य के साथ-साथ सौंदयीकरण प्रस्तावित है, एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐ भी सम्मिलित है। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, उपाध्यक्ष जयंत कौशल, पार्षदगण,सहित विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री किरण राहगडाले, उपयंत्री रितेश यादव, प्रभारी लेखपाल शेर सिंह बट्टी,राजस्व उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद बोरासी, राजेश नागरे आदि उपस्थित थे।

## नगर परिषद बोड़ा का 2025-26 का बजट स्वीकृत बैठक सफलता पूर्वक संपन्न



**बोड़ा।** नगर परिषद बोड़ा की बजट बैठक शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे नगर परिषद सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में 15 में से 11 पार्षद उपस्थित रहे, जिनमें 4 महिला और 7 पुरुष पार्षद शामिल थे। बैठक के दौरान विधायक मोहन शर्मा और सीएमओ भगवान सिंह भिलाला से पार्षदों ने शहर के विकास कार्यों को लेकर सीधे सवाल-जवाब किए।

15.39 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत नगर परिषद बोड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 करोड़ 39 लाख 82 हजार 500 रुपये की अनुमानित आय और 15 करोड़ 39 लाख 10 हजार रुपये के अनुमानित व्यय को स्वीकृति दी। इस बजट में 72,500 रुपये की बचत होगी। बजट का फोकस शहर के बुनियादी ढांचे के विकास और सुधार पर रखा गया है।

**बैठक में पास हुए 7 प्रस्ताव:** बैठक में नगर परिषद के 7 महत्वपूर्ण बिंदुओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया

1. वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की स्वीकृति।
2. छोटे पुल के पास रिटर्निंग वॉल एवं वार्ड क्रमांक 2 (रावजी बाग) में सीसी रोड निर्माण।
3. 45w, 60W और 90W की LED लाइट्स की खरीदी।

## संक्षिप्त समाचार

### गणगौर महोत्सव में मंडल कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति



**समय जगत ,हरदा।** छलोत्रे परिवार के तत्वावधान में गणगौर महोत्सव आयोजित किया जा रहा है ।आयोजन के पंचम दिवस कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी ।पंचम दिवस ग्राम गाडामोड खुर्द में मातापुर,भाट परेटिया, रूपी परेटिया, पानपाट एवं अन्य मंडलों द्वारा प्रस्तुति दी गई। अंत में देवो राजा घर जावा भजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।आयोजक परिवार जगदीश छलोत्रे ने बताया कि भुआणा क्षेत्र में गणगौर को पर्व के रूप में मनाया जाता है ।प्रतिवर्ष इसे चैत्र और वैशाख के महीने में मनाया जाता है ।महिलाएं विधि विधान से पूजा करती हैं और नौ दिन तक जागरण चलता है ।इन दिनों अलग-अलग गांवों की मंडलियों के माध्यम से विशेष परिधान पहनकर भजन कीर्तन और नाटक की प्रस्तुतियां दी गई ।

### चौधरी वेयरहाउस में गेहूं खरीदी केन्द्र का शुभारंभ



**सिलवानी।** चौधरी वेयरहाउस साईखेडा में गेंहू खरीदी केन्द्र शुभारंभ पंडित विपिन बिहारी जी कथावाचक के कर कमलों द्वारा किया गया ।चौधरी बाबूसिंह रघुवंशी ने पूजा अर्चना के बाद गेहूं तुलाई प्रारंभ की ।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, साहब सिंह रमपुरा वाले, महेंद्र रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी समिति प्रबंधक, पुष्पेंद्र भार्गव, रामकुमार चंदेल, राघवेंद्र चौधरी, रविंद्र चौधरी, प्रहलाद सिंह रघुवंशी वर्धा सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### नगर पालिका परिषद सारंगपुर का वित्त वर्ष 2025-26 का बजट किया गया पारित

**समय जगत, सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर का 27-03-2025 को साधारण सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बजट पारित किया गया बजट प्रस्तुत करते हुए प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक रानवे द्वारा सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निकाय की समस्त स्त्रोतों से प्रस्तावित आय 1,20,88,11,157/- अक्षरी एक अरब बीस करोड अठयासी लाख ग्यारह हजार एक सौ सत्तावन रुपये तथा समस्त मदों में प्रस्तावित व्यय 1,20,87,68,841/- अक्षरी एक अरब बीस करोड सत्यासी लाख अढसठ हजार आठ सौ इकतालीस रुपये बताया गया इस प्रकार कुल रूपये 42,316/- की बचत का बजट परिषद द्वारा सर्व सम्मति से पारित किया गया। बजट में आय के मुख्य श्रोत के रुप में निकाय को शासन से प्राप्त होने वाली चुंगीक्षतिपूर्ति एवं यात्रीकर क्षतिपूर्ति राशि एवं अनुदान राशि,विशेष निधि,शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं अमृत 2.0 एवं कायाकल्प अभियान,स्वच्छ भारत मिशन और समय-समय पर प्राप्त होने वाले शासन अनुदान व निकाय की स्थानीय वसूलियां सम्पत्तिकर समेकित कर आदि से होने वाली आय मुख्य रूप से बजट में शामिल की।

## वन भूमि पर संगठित अवैध कटाई अतिक्रमण उत्खनन परिवहन को संयुक्त प्रयासों से किया जाए विफल : कमिश्नर

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में वन विभाग की संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संयुक्त रूप से वन भूमि पर संगठित अवैध वृक्ष कटाई, वन भूमि पर अतिक्रमण, अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों को संयुक्त प्रयास से उनके मंसूबे विफल करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की वन क्षेत्र में अवैध कटाई अवैध उत्खनन एवं वन भूमि पर यदि कोई अतिक्रमण कर रहा है तो उसकी प्रभावी रोकथाम की जाए। राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग इसमें अपना सहयोग देते हुए ऐसे प्रयासों को सख्ती से रोके। कमिश्नर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह वन विभाग के साथ वन क्षेत्र में संयुक्त रूप से गश्त कर विद्युत लाइनों को ट्रिपिंग से रोके एवं विद्युत लाइनों का रखरखाव समुचित रूप से करें। कमिश्नर ने कहा कि विद्युत लाइन के ट्रिपिंग को रोके ताकि वन्य एवं वन्य प्राणियों को विद्युत करंट से बचाया जा सके। कमिश्नर ने कहा कि विद्युत विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी वन विभाग के साथ संयुक्त गश्त कर वन अपराधियों द्वारा विद्युत लाइन से करंट लगाकर की जा रही अवैध शिकार गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए एवं विद्युत की अनियमित ट्रिपिंग होने पर इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों के साथ तत्काल साझा करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि आपसी समन्वय स्थापित कर अवैध शिकार गतिविधियों को प्राथमिकता से विफल किया जाए। कमिश्नर तिवारी ने निर्देश दिए की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम वन मंडल एवं हरदा तथा सामान्य वन मंडल उत्तर दक्षिण एवं पश्चिम बैतूल में आदतन वन एवं वन्य प्राणियों के अपराधियों के नामों की सूची बनाकर आपस में साझा किया जाए। सूची पुलिस विभाग को भी दी जाए। वन संरक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मालिक मकबूजा प्रकरणों में वृक्षों की कटाई हेतु खसरे के मालिकाना हक एवं स्वामित्व की पुष्टि ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए राजस्व एवं वन विभाग की अनापत्ति भी आवश्यक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार सरपंच वन भूमि एवं खसरे के मालिक की भूमि पर स्थित वृक्षों में फर्क नहीं समझ पाते हैं ।

## भूमि की दशा सुधारने के लिए जैविक खेती है आवश्यक : वीर सिंह मालवीय

**समय जगत, हरदा।** कृषि को बचाने और आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए किसानों को रासायनिक खाद से दूरी बनाकर जैविक खेती करना होगा। रासायनिक खादों का उपयोग करने से शरीर की ऊर्जा और मानव का लंबा जीवन खत्म होते जा रहा है। इसलिए पारम्परिक खेती के साथ जैविक खेती के साथ गौवंश,प्रकृति की रक्षा करना जरूरी है। प्रकृति को बचाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना पड़ेगा क्योंकि बिना प्रकृति के हम जीवित नहीं रह सकते यह बात शिवशक्ति ग्रुप की की तरफ से कृषि अधिकारी वीरसिंह मालवीय ने को ग्राम लहाड़पुर में आयोजित किसान सम्मेलन के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए कही। आधुनिक युग में किसान अपनी खेती में खड़ी मूंग की फसल में कीटो को नियंत्रण करने और उत्पादन बड़ाने के लिए विभिन्न कंपनी की दवाईयां उपयोग कर रहे हैं,अगर इस पद्धति को नही सुधारा गया तो भविष्य में देश की आबादी के 30 प्रतिशत लोग कैंसर




पीड़ित हो जाएंगे,अतः शिवशक्ति वायो ग्रुप द्वारा गाँव-गाँव जाकर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है और किसान मित्रों को बताया जा रहा है कि अपने खेत की नरवाई ना जलाए, क्योंकि इसके जलाने से किसानों को बहुत हानि हो रही है। ग्राम लहाड़पुर किसान संगोष्ठी में क्षेत्रीय अधिकारी शर्मा जी ने किसान भाईयों को बताया कि किसान अपनी परम्परागत खेती से भटक कर रसायनिक खाद एवं उर्वक की और चले गये है, उपस्थित किसानों को बताया कि जैविक खेती में ही किसान भाईयों का भविष्य सुरक्षित है तथा कम कीमत में जीवाणु भूमि की संरचना को सुधारते है जैविक खाद एवं दवाईयों के प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति बढती है और किसान मित्र कीटों एवं जीवाणुओं की संख्या बढती है जो कि भूमि के लिये अति आवश्यक है। आयोजन के समापन के दौरान किसानों ने कुछ रकवा जैविक खेती करने का वचन दिया है।

## शहर कांग्रेस की प्रेस वार्ता : नगर निगम भ्रष्टाचार का महासागर

## सीवरेज में 150 करोड़ का घोटाला, बाजार बैठक शुल्क लेने , सीवरेज और संपत्ति कर को न्यायालय में देंगे चुनौती




**रतलाम ।** नगर निगम में भ्रष्टाचार तथा संपत्ति कर में वृद्धि और बाजार बैठक प्रारंभ करने को लेकर शहर कांग्रेस तथा पार्षद दल द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया ने कहा की 50त्न की भ्रष्टाचारी सरकार है । संपत्ति कर में 10 से 30 हजार तक अवैध वसूली की जा रही है । उन्होंने जनता से कहा कि वह संपत्ति कर में 10 गुना वसूली राशि नहीं भरे । नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि नगर निगम की लूट का परिषद की बैठक में पुरजोर विरोध किया जाएगा । और सड़कों पर भी आंदोलन किए जाएंगे । पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने घोटालो की लंबी चौड़ी फेहरिस्त पेश करते हुए कहा कि सिवरेज में डेढ़ सौ करोड़ का घोटाला हुआ है । जिसे न्यायालय में चुनौती दी जाएगी । सिवरेज का 28/12/2016 को कार्य प्रारंभ होने के 6 साल बाद 31/12/2022 को कार्य पूर्ण होने के दो माह पहले अक्टूबर 2022 को स्वीकृत टेंडर राशि 123.85 करोड़ से बढ़ाकर 141.44 करोड़ कर दी गई , तथा मकान की संख्या 53273 से घटकर 43273 कर दिया । सकलेचा ने कहा कि दिसंबर 2022 तक 27530 मकान को जोड़ने पर ही संपूर्ण राशि का भुगतान कर , कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र दे दिया गया । तथा टेंडर में 30.54 करोड़ की लागत से बनने वाले 6 ट्रीटमेंट प्लांट के स्थान पर दो प्लांट स्वीकृत कर 30.54 करोड का भुगतान कर दिया गया ।


## भागवत कथा के पांचवें दिन कथा पंडाल में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**समय जगत, सिलवानी ।** पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने आज सिलवानी तहसील के ग्राम साईखेड़ा में साहू मुकद्दम परिवार द्वारा आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.मुकद्दम लक्ष्मण प्रसाद साहू एवं स्व.श्री मति सरस्वती बाई साहू कि पुण्य स्मृति में मुकद्दम नीरज साहू यजमान किरण मधुसूदन साहू परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिवस में श्री विपिन बिहारी दास के मुखारविंद से अमृत बर्षा में शामिल होकर कथा श्रवण कि तथा व्यास पीठ का पूजन कर कथा वाचक पंडित श्री विपिन बिहारी जी महाराज का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता विजय शुक्ला, मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, सर्वेश खरे, विक्रम शाह, संजू बनारसी, पुनीत सामैया, पार्षद प्रतिनिधि मोहन साहू,



भाजपा नेता लखन सिंह, अरविंद रघुवंशी एवं कार्यकर्तागण साथ में उपस्थित रहे भागवत कथा के पांचवे दिन कथा पांडाल में धूमधाम से मनाया कथा व्यास जी बोले हमें आपको प्रभावित नहीं करना है परिवर्तन करना है विपिन बिहारी दास जी कथा व्यास गादी से कथा का महत्व बताते हुए उन्होंने समझाया कि जीवन में सम्मान मिलना बहुत बड़ी बात नहीं है भगवान कि कृपा से जब भी आपको सम्मान प्राप्त हो उसे बचाव कैसे बचेगा सम्मान उसके लिए देखो उदाहरण दें जब कोई प्रतिनिधि नेता अपने क्षेत्र में जाता है उसका स्वागत किया जाता है उसे मालाएं पहनाई जाती हैं तो बो उन मालाओं का क्या करता है वो मालाओं को अपने बगल वाले को देते जाता है इसी तरह तुम सम्मान की माला ऊपर वाले को देते परमात्मा को देते जाओ तुम्हारे सारे काम प्रभु बनाएगा इसी क्रम में पंडित विपिन बिहारी दास जी ने कृष्ण अवतार कि महिमा सुनाई जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुई, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। यह बात सिलवानी तहसील के ग्राम सांईखेड़ा में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए पंडित विपिन बिहारी दास ने श्रद्धालुओं के बीच कही। कथा सिलवानी बरेली रोड पर स्थित ग्राम सांईखेड़ा के श्री लक्ष्मी नारायण बढ़ा मंदिर के प्रांगण परिसर में आयोजित की जा रही है। श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए पांचवे दिवस पंडित विपिन बिहारी दास ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया। इसके पूर्व पं. बिहारी दास ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनन तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें।उन्होंने रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया।

# शोध का अनिवार्य अवयव है चर : प्रो डीएन सनसनवाल



## शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रीवा में राष्ट्रीय शोध कार्यशाला का पांचवां दिवस हुआ पूर्ण

**रीवा।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत अभियान अन्तर्गत राष्ट्रीय शोध कार्यशाला का पाचवां दियग पूर्ण हुआ। शोध कार्यशाला के पाचने दिवस भारत के महान शिक्षाविद बेस्ट टीचर एडुकेटर एवं लाइफ टाइम एचीवमेन्ट पुरस्कार प्राप्त प्रो. डी. एन. सनसनवाल ने बताया कि चर शोध का अनिवार्य अवयव है और उसका उल्लेख शोध शीर्षक में अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिये। किसी भी शोध में कम से कम एक चर आवश्यक होना चाहिये। सतत् पर वे होते हैं जिनका मान पूर्ण संख्या एवं भिन्न संख्या दोनो प्रकार से हो सकता है जबकि असतत् चर केवल पूर्ण संख्या के रूप में होते हैं। महत् बर की असतत. चर में परिवर्तित किया जा सकता है किन्तु असतत् चर को सतत् चर में परिवर्तित करना संभव नहीं है, कुछ चर स्वतंत्र होते हैं वहीं कुछ अन्य चर आश्रित चर होते हैं कोई भी चर प्रत्येक परिस्थिति में न तो स्वतंत्र होता है न ही आधित। एक ही चर अलग-अलग परिस्थिति में स्वतंत्र या आधित चर की तरह व्यहार कर सकता है इसका तात्पर्य यह है कि धारणा निरपेक्ष न होकर सापेक्ष है किसी भी वस्तु वा धारणा की चर कहलाने के लिये यह आवश्यक है। कि उसमें मापे जाने का गुण होना चाहिये अगर उसमें मापन का गुण नहीं है तो मनोवैज्ञानिक शोध में उसे चर की श्रेणी में नहीं रखेंगे। किसी भी वस्तु या परिघटना का मापन मात्रात्मक ढंग से ही हो यह जरूरी नहीं है यदि उसका मापन गुणात्मक ढंग से ही होता है तो हम उसे चर की श्रेणी में रखेंगे। शोध में एक अन्य चर भी आपेक्षित रूप से उपस्थित होता है उसे अवरोधक चर कहते हैं। अवरोधक चर सतत् या असतत् किसी भी प्रकार का हो सकता है यह प्रक्रिया कि अंदर या बाहर हो सकता है। यह स्वतंत्र चर की उपस्थिति में आर्थित चर को प्रभावित करता है, कुछ सावधानियां रखकर शोधकर्ता अपने शोध कार्य में अवरोधक चरों का प्रभाव को कम कर सकता है किन्तु उसे शून्य किया जाना संभव नहीं होता। चर के आधर पर ही उससे संबंधित आंकडे एकत्रित करने के लिये उपयुक्त उपकरण का निर्माण संभन होता है। उपयुक्त उपकरण का निर्माण होने से की आंकडों का संग्रह संभव होता है शोध समस्या के चयन का आधार मुख्य रूप से संबंधित साहित्य का पुनरावलोकन होता है, साथ ही ऐसे सिद्धान्त जो उपयोग में नहीं लाये गये हैं या जिनका कम उपयोग हुआ है। उन्लेखनीय है कि यह शोध कार्यशाला 24 मार्च 2025 में चल रही है एवं इसका समापन 03 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय सेमिनार से होगा जिसमें शोध पत्रों का प्रस्तुततीकरण किया जायेगा। इस राष्ट्रीय शोध कार्यशाला में विश्वविद्यालयीन शोधार्थी, डाइट फैकल्टी सदस्य, शिक्षा महाविद्यालय के आचार्य एवं एम.एड. प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. आर.एन. पटेल, प्रो.एन.के. सिंह, डॉ. पी.एन. मिश्रा, श्रीमती सुपमा निथा, श्रीमती अल्पना सिंह, श्रीमती नीता सिंह, श्रीमती कृष्णा सिंह, डॉ. दीपा अग्रिहोत्री, श्रीमती गीता पालीवाल, डॉ. हरिश्चन्द्र द्विवेदी, डॉ. उमेश पाण्डेय, डॉ. संजीव तिवारी, डॉ. प्रियंका द्विवेदी, माया मिश्रा, श्रीमती स्मिता अग्निहोत्री, श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, श्रीमती अंजू पाण्डेय, श्रीमती रेखा त्रिपाठी, श्रीमती रीना मिश्रा, श्रीमती इकलेश तिवारी, डॉ. तृप्ती श्रीवास्तव, श्रीमती नीलम मिश्रा, थी अनूप पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

### अधिभार से बचने अब मात्र 03 दिवस शेष : डॉ. सौरभ सोनवणे

# अवकाश के तीनो दिन खुले रहेगें नगर निगम और सभी जोन कार्यालय

**रीवा।** वर्तमान वित्तीय वर्ष में राजस्व के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में नगर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार आगामी तीन दिनों तक सभी जोन कार्यालय एवं निगम कार्यालय खुले रहेगें। यह निर्णय वित्तीय वर्ष 2024-25 राजस्व संग्रहण तथा समापन पक्रिया को ध्यान में रखते हुये लिया गया है। निगम आयुक्त ने निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहेगें और करदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, एवं लम्बित करों का आसानी से निपटारा हो सके। गौरतलब है कि शहर के करदाताओं के पास बकाया करों की राशि 31 मार्च तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब मात्र 03 दिन ही शेष बचे है। 31 मार्च के उपरांत यानी 1 अप्रैल 2025 से समस्त बकाया करों की राशि दो गुना हो जाएगी। निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि 31 मार्च तक समस्त बकाया




करों की राशि जमा कर अधिभार के साथ-साथ अप्रिय कार्यवाही से बचें। उन्होंने बताया कि करदाताओं द्वारा 31 मार्च तक करों की राशि जमा नहीं की जाती है तो शासन के संशोधित नियमों के तहत् 1 अप्रैल से राशि को दो गुना कर दिया जायेगा। रीवा नगर के समस्त आवासीय भवनों पर वर्ष 2024-25 के सम्पत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट 31 मार्च 2025 तक दी जा रही है। इसके पश्चात् यह छूट समाप्त हो जावेगी तथा 12 प्रतिशत अधिभार देय होगा। शीघ्र राशि जमा कर छूट का लाभ उठाए। साथ ही ऐसे भवनस्वामी जिन्होने वर्ष 2023-24 तक का सम्पत्तिकर जमा नहीं किया है, वह शीघ्र राशि जमा करें, अन्यथा उनके भवन/प्रतिष्ठान में तालाबन्दी/कुर्की की भी कार्यवाही की जावेगी। इस क्रम में बकायादारों को आगामी तीनो 29 मार्च, 30मार्च एवं 31 मार्च अवकाश के दिन भी कार्यालयों में बकाया जमा करने का मौका मिलेगा। निगमायुक्त ने मैदानी अमले को भी निर्देश दिये गए हैं कि वे जितने भी करदाताओं और व्यापारियों को जानते हैं, उनसे सम्पर्क कर वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित करें।

निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों, और व्यापारियों से भी अपील की है कि सभी करदाता अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया करों की राशि का भुगतान करें, एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

## महिला एवं बाल विकास का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**गुढ़ (नि.प्र)।** महिला बाल विकास परियोजना क्रमांक दो गुढ़ में विभागीय अधिकारियों के निर्देशानुसार पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण नगर परिषद के मंगल भवन गुढ़ में दिनांक 24/3/25 से 26/3/25 तकआयोजित किया गया।जिसमें प्रथम दिवस की थीम पढ़ाई भी में बच्चों को आंगनवाड़ी में खेलकूद गीत कविता के माध्यम से अक्षर ज्ञान,रंगों की पहचान आदि गतिविधियां कराई गई। दूसरे की दिन पोषण ट्रैकर बच्चों के वजन लंबाई ऊंचाई की माप कैसे ले ,पोषण स्तर का चिन्हांकन कैसे करे बच्चों के खान पान पर चर्चा की गई। तीसरे दिन पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत दिव्यागता की पहचान प्रकार और लक्षण एक हजार महत्वपूर्ण दिवस पर चर्चा की गई व कार्यकर्ताओं द्वारा गीत कविता,चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। उक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महिला बाल विकास अनिल सिंह गहरवार उपस्थित रहे।संपूर्ण गतिविधि परियोजना अधिकारी रेणुका मिश्रा के नेतृत्व में किया गया मास्टर ट्रेनर श्रीमती अर्चना द्विवेदी,श्रीमती संगीता गुप्ता श्रीमती सुचिता शर्मा रही।कार्यक्रम की व्यवस्था एवं सहयोग शिवेंद्र मिश्रा वा सुरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा किया गया । प्रशिक्षण परियोजना की समस्त 124 कार्यकर्ता उपस्थित रही।

**124 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा**

## गुढ़ विधायक के निर्देश पर पी एम श्री स्कूल के भवन हेतु एस डी एम ने किया स्थल निरीक्षण

**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय नागेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा पाल के आदेश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी,नायब तहसीलदार महिमा पाठक के द्वारा पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ के नए भवन निर्माण हेतु शासकीय भूमि का स्थल निरीक्षण किया गया।उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि गुढ़ एड अनंत कुमार गुप्ता,डॉ.विनय कुमार मिश्र,डॉ.राजेश कुमार मिश्र,पटवारी अंगद अहिरवार, प्रवीण पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद रहे।



## गीत संग्रह माटी का विमोचन व सम्मान समारोह आयोजन होगा कल

**रीवा।** जिले के सुप्रसिद्ध रचनाकार हीरेन्द्र गौतम विद्यासागर व कवि आशीष तिवारी निर्मल के द्वारा संपादित गीत संग्रह माटी के गीत का विमोचन व सम्मान समारोह वार्षिकोत्सव का आयोजन 30 मार्च 2025 को नवोदय पब्लिक स्कूल अमवा में शाम 3 बजे से किया जा रहा है ।आयोजन समिति की ओर से रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी एवं साहित्यकारों, शिक्षकों का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान तथा वैदिक सम्मान के साथ-साथ विद्याभूषण सम्मान तथा स्तुति घोष सम्मान, नवोदय बाल सम्मान सहित नौ प्रकार के सम्मानों से विद्यालय के छात्रों ,अभिभावकों, शिक्षकों, साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एशिया एक्सीलेंट टीचर अवॉर्ड से अवार्डेड डॉ हीरेन्द्र गौतम विद्यासागर के साथ शिक्षा जगत से कई वरिष्ठ शिक्षक एवं साहित्यकार शामिल होंगे।

## जयराम पांडे बने विधि अधिकारी, लोगों ने व्यक्ति की प्रसन्नता



**रीवा।** जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत हटवा के जयराम पांडे विधि अधिकारी बने हैं जिस पर ग्राम वासियों ने एवं उनके पारिवारिक जनों ने हर्ष व्यक्त किया है । ज्ञात हो कि जयराम पांडे को यह सफलता ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन पास करने के तदोपरांत मिली है । इस दौरान जगत गुरु घनश्यामाचार्य व्यासमुनि महराज दामोदाचार्य महराज बीके माला, विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र तिवारी रविन्द्र तिवारी मुकेश मिश्र प्रमोद शर्मा हर्ष मधुसूदन पांडे रामाधार पांडे प्रमोद शर्मा विजय पांडे प्रज्ञानंद पांडेय छोटेलाल शुक्लविकास शुक्ला,उस्ताद याकूब खान आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल कुंज में रीवा शहडोल संभाग की संभागीय बैठक संपन्न




**रीवा।** पार्टी कार्यालय अटल कुंज में संगठनात्मक विषयों पर रीवा एवं शहडोल संभाग की संभागीय बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि माननीय अजय जामवाल जी क्षेत्रीय संगठन महामंत्री (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ) रहे। बैठक में मंचासीन प्रदेश महामंत्री एवं रीवा संभाग प्रभारी श्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री एवं शहडोल संभाग प्रभारी शरदेन्दु तिवारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता रहे। बैठक में मंचासीन नेताओं का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर किया। बैठक में आपेक्षित रीवा शहडोल संभाग के प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगर निगम महापौर व अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुएअजय जामवाल ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ) ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप अपने क्षेत्र के नेता है। केन्द्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले। स्वच्छता में इन्दौर आठवीं बार से प्रथम स्थान पर है। इन्दौर की जनता को हम सभी को धन्यवाद देना चाहिए। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं रीवा संभाग प्रभारी श्री रणवीर सिंह रावत ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी शताब्दी वर्ष में कार्यकर्ताओं से अहवान किया कि उनकी फोटो एकत्रित करें। भारत के सभी भाषाओं वाले प्रांतो में उनके स्थानीय भाषाओं के अनुसार कार्य करें और आगामी 30 मार्च को कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को बूथ स्तर पर टोली के साथ सुनें। बैठक का आभार प्रदेश महामंत्री एवं शहडोल संभाग प्रभारी शरदेन्दु तिवारी ने किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्रीमती ममता गुप्ता ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से नगर निगम अध्यक्ष रीवा वेंकटेश पाण्डेय ,सिंगरौली देवेश पाण्डेय , जिलाध्यक्ष उमरिया आशुतोष अग्रवाल , मऊगंज डॉ. राजेन्द्र मिश्रा , सतना भगवती प्रसाद पाण्डेय , मैहर कमलेश सुहाने , सीधी देव कुमार सिंह , सिंगरौली सुन्दर शाह , अनूपपुर हीरा सिंह श्याम , आदि नेता उपस्थित रहे।


ISO9001-2015certified college

**शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, चिकित्सालय निपनिया रीवा (म.प्र.)**

**Govt-Autonomous Ayurved College & Hospital, Nipaniya Rewa (M.P.)**

Tel.no.07662-299160

Email-Govtayucollegerewa@gmail.com

website-www.gacrewa.com

क्रमांक/ स्था./25/1564 रीवा, दिनांक 27.03.2025

**विज्ञप्ति**

**वॉक इन इन्टरव्यू**

विशेष भर्ती अभियान के तहत तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से किया जाना है। जिसमे महाविद्यालय मे दिनांक 24.04.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक महाविद्यालय में डाक / स्वयं आकर आवेदन पत्र जमा कर सकते है तथा साक्षात्कार दिनांक 25.04.2025 को समय प्रातः 10.30 बजे शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय निपनिया रीवा मे रखा गया है, विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | श्रेणी | पद/ संवर्ग का नाम | चिन्हांकित पद/ संवर्ग एवं संख्या | निःशक्तजनो के लिए चिन्हांकित दोंकी संख्य कुल योग: दृष्टिबाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटी | योग | योग्यता/वेतनमान | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तृतीय श्रेणी | स्टाफ नर्स | 01 | - | 01 | -- | 01 | विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एस.सी. नर्सिंग / जी.एन.एम परीक्षा उत्तीर्ण। संबंधित बोर्ड में रजिस्ट्रीकरण /5200- 20200+2800 | दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित विकलांगता कीअधिकतम सीमा 50 प्रतिशत मान्य होगी। |
| 2 | चतुर्थ श्रेणी | वार्ड व्याय/ आया | 01 | 01 | - | - | 01 | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल अथवा किसी बोर्ड से हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण महिला आयुर्वेद स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण कोर्स उत्तीर्ण 4440-7440+1300 | ......................,,...................................... |

**आवेदन की शर्तेः-**

1. आवेदक का जिला रोजगार कार्यालय में मध्यप्रदेश में किसी भी जिले में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है तत्संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिव्यांगता के संबंध में प्रस्तुत प्रमाण पत्र गृह जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड/शासन द्वारा मान्य संस्था. द्वारा जारी किया गया निःशक्तता की जीवित प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
3. उपरोक्त पदों के आवेदन हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश शासन का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
4. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक सी-3-11/2012/1/3 नवम्बर 2012 के अनुसार दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में अभ्यार्थियों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 45 वर्ष होना चाहिए।
5. सामान्य प्रशासन नियमानुसार ज्ञापन अवधि F-8-3/2013- आ-प्रा/1 भोपाल दिनांक 17.07. 2014 के अनुसार चयनोपरांत निःशक्ता प्रामण पत्रो में परीक्षण संबंधित जिले में जिला बोर्ड से कराया जावेगा। जांच मे निशक्ता प्रामणित होने पर ही उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति होगी।
6. पूर्व में सेवारत अन्य विभाग में कार्यरत नियोक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करेंगें।
7. साक्षात्कार के समय सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए विधि द्वारा निर्धारित की गई न्यूनतम आयु के पूर्व विवह कर लिया है तो नियुक्त के लिए पात्र नहीं होगा।
9. जिन आवेदकों के दो से अधिक जीवित संतान है एवं उनमें से 01 संतान का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
10. समस्त प्रमाण पत्रों के फोटो कांपी जो चाही गई है, उसे स्वयं प्रमाणित / सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित होना अनिवार्य है।
11. वांक्षित आवश्यक प्रमाण पत्रों के आभाव में जो आवेदन पत्र प्राप्त होने चाहिए यदि नहीं है तो आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जोयेगा।
12. प्रस्तुत किए गए प्रमाणपत्र / प्रमाण पत्रो की नकली या कूट रचित तरीके से आवेदन पत्र मे प्रस्तुत किये जाते है तथा जांच में दोष सिद्ध होता है तो नियुक्ति तत्काल प्रभाव से स्वमेव समाप्त मानी जावेगी। एवं नियमानुसार आवेदक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।
13. शासन के वर्तमान प्रचलित नियम के अनुसार परिवीक्षा अवधि 03 वर्ष की होगी तदानुसार शासन के द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुरुप ही वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारंभ किया जायेगा।
14. शासन के निर्देशानुसार या किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
15. उपरोक्त जानकारी महाविद्यालय के Website- www.gacrewa.org.in में संशोधित जानकारी प्रदर्शित हो रही है उस पर भी प्राप्त की जा सकती है।

(डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ)
प्राचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रीवा (म.प्र)


### सुन्दरकाण्ड संस्तुति समारोह का भी हुआ आयोजन

# श्री हनुमान मंदिर रामसागर में हुआ भव्य भण्डारा

**रीवा।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के पूर्व संभागीय संयोजक एवं जेल परामर्श बोर्ड रीवा के पूर्व सम्माननीय सदस्य जगदीश गुप्त एडयोकेट के सुपुत्र पूर्व पूर्णकालिक भाजपा नेता अनंत प्रकाश गुप्त एडवोकेट के संयोजन में कलियुग के राजा हनुमान मंदिर रामसागर में अतिभव्य सुन्दरकाण्ड पाठ व भंडारा समारोह आत्मीय समरसता सहित सस्नेह, सस्वर, संगीतमय, सोल्लास मठ के संत शिरोमणि के मार्गदर्शन में पुरोहित मण्डली के बड़े ही भक्तिभाव व सुमधुर स्वर में सम्पन्न हुआ। उपस्थित सभी भक्त समुदाय उस समय के अलौकिक भक्ति भावमय वातावरण में आत्मविभोर हो हाईकोर्ट के नाम से सुविख्यात रामसागर हनुमान मंदिर में विराजमान इस युग के राजाधिराज एवं महान्याधिपति परम पूज्य श्री हनुमंतलला के पावन चरणों में परमानंद सहित शरणागत हो गए। कार्यक्रम में राजनैतिक दलो के राग द्वेश रुपी दल दल, जातिगत ऊँच-नीच के भावों की कुरीति, वर्ग सम्प्रदाय आदि के संकीर्ण भावों से ऊपर उठकर सभी आत्मीय स्नेह के साथ सुन्दरकाण्ड पाठ व सहभोज भण्डारा प्रसाद में सभी सम्मिलित हुए। जिससे सनातन हिन्दू धर्म के समरस भाव, आत्मीय तत्वज्ञान, विश्व बन्धुत्व के सिद्धांत का जो परामनंद व्यवहार दर्शन का दृश्य उपस्थित हुआ यह वास्तव में परमार्थिक, अलौकिक व अद्वतीय रहा।

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व संसदीय सचिव व विधायक राजेन्द्र मिश्रा, गुढ़ क्षेत्र के पूर्व यसस्वी युवा प्रत्यासी कपिध्वज सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया सिंह, भाजपा रीवा संभाग के पूर्व संगठन मंत्री कमलेश्वर सिंह, उप मुख्य मंत्री म0प्र0 शासन के निज सचिव पवन शुक्ला, विद्या भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व शासकीय अधिवक्ता डॉ0 संतोष अवधिया, आरएसएस के जिला कार्यवाह डॉ आशुतोष द्विवेदी, खण्ड कार्यवाह अशोक मिश्र, नगर पंचायत गोविन्दगढ़ के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तिवारी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप नारायण सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, संघर्षशील कम्युनिष्ट नेता जिला पंचायत सदस्य कामरेड लालमणि त्रिपाठी, समाजवारी मीसावंदी नता सुभाष श्रीवास्तव, भाजपा नेता नारायण मिश्रा, जिला व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक प्रकाश गुप्ता, रमेश गर्ग, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अलख मुनि तिवारी, सरदार परमजीत सिंह डंग, संजीव गुप्ता, सेवा निवृत्त क्षेत्रीय संचालक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी रीवा संभाग रीवा एवं समाज सेवी नेता डॉ0 बी0एल0 मिश्रा, समाजवादी संघर्षशील मीसायंदी समाजवादी नेता सुभाष श्रीवास्तव, मीसाबंदी भाजपा नेता डॉ. यतीन्द्र सिंह, पार्षद ज्ञानेन्द्र सिंह, विजय गुप्ता, पत्रकार एवं परिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शेषमणि शुक्ला, भाजपा नेता गुलाब साहिनी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र वर्मा, देव कुमार पाण्डेय, शिवनारायण सोनी, मृगेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, मोहन कोरी, एयरफोर्स के पूर्व सैनिक मुकुन्द लाल गुप्ता, म0प्र0 हाईकोर्ट को नोटरी व अधिवकता श्याम प्रकाश गुप्ता, म0प्र0 हाईकोर्ट की अधिवक्ता नीलिमा गुप्ता, महिला बायल विकास सुपर वाईजर प्रवीण गुप्ता एड0, व्याख्याता पिंकी गुप्ता, शेशन कोर्ट रीवा के नोटरी व अधिवक्ता अम्बिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जिला अभियोजन संचालनालय रीवा में श्री रामपाल सिंह डीपीओ के विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**समय जगत, रीवा।** जिला अभियोजन संचालनालय रीवा के सहायक जनसंपर्क अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रामपाल सिंह डीपीओ (अजाक)31.03.2025 को रिटायर हो रहे है, उनके रिटायरमेंट के उपलक्ष्य में जिला अभियोजन संचालनालय रीवा में दिनांक 28.03.25 को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रामपाल सिंह ने रीवा में ही वर्ष 1994 में ज्वाइनिंग की थी और रिटायर भी रीवा से ही हुए है । उन्होने अभियोजन विभाग में कुल 30 वर्ष की सेवा दी है। वे हमेशा अपनी सेवा के प्रति कर्मठ एवं इमानदार रहे। उक्त विदाई समारोह में सुशील कुमार शुक्ला प्रभारी उपसंचालक/जिला अभियोजन अधिकारी, वरिष्ठ एडीपीओ सूर्यप्रसाद पाण्डेय एवं रवीन्द्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, अशोक प्रियदर्शी, सत्यनारायण मिश्रा, श्रीमती अंजू पाण्डेय, विक्रम दुबे एडीपीओ एवं के.पी. तिवारी सहा. ग्रेड 2 तथा समस्त कर्मचारी स्टाफ द्वारा रामपाल सिंह डीपीओ अजाक को भावभीनी विदाई दी गई और उन्हे श्रीफल और साल देकर सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

# किसानों के प्रति रवैये से आम आदमी पार्टी का असली चेहरा हुआ उजागर

आम आदमी पार्टी हमेशा से किसान हितैषी होने का दावा करती रही है लेकिन उसके ताजा रवैये से उसकी असलियत उजागर हो गई है। दिल्ली में 2020-21 में कृषि कानून के विरुद्ध किसानों के नाम पर दिए जाने वाले धरना और आंदोलन के दौरान मिले राजनीतिक समर्थनों को देखते हुए किसान नेताओं को शायद ही उम्मीद रही होगी कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार सीमा से उनके तंबू वगैरह उखाड़ कर भागने को विवश कर देगी। पंजाब के शंभू बोर्डर व खनोरी बॉर्डर पर 13 फरवरी, 2024 यानी कुल 13 महीने से धरने पर बैठे किसान नेताओं का सारा लाव लश्कर भगवंत मान सरकर ने समाप्त कर दिया। बुलडोजर एवं जेसीबी एक्शन की लाइव तस्वीरें पूरा देश देख रहा था, जिनमें मंच ढाए जा रहे थे, ट्यूब लाइट, पंखे , टीन की चादरें उखड़ रही थी । प्रशासन की पूरी कार्रवाई सुनियोजित थी। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर शंभू अंबाला और संगरूर जींद मार्गो से कंक्रीट के अवरोध को हटाने के लिए जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद ली गई। हरियाणा की प्रशासनिक मशीनरी ने भी पंजाब से लगी राज्य की सीमा पर सीमेंट के ब्लॉक, लोहे की कीलें और कंटीले तारों की मदद से अवरोधक लगाए थे ताकि दिल्ली चलो कार्यक्रम के अंतर्गत पंजाब से किसान संगठनों को राजधानी की ओर न बढ़ने दिया जाए। पंजाब में लगभग 1000 से ज्यादा प्रदर्शनकारी हिरासत में है तथा 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को मुकदमे प्रदर्शनकारियों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें पटियाला जेल भेज दिया गया। किसानों के नाम पर बने नेताओं को आभास होना चाहिए था कि वो जो कुछ कर रहे हैं उसे सरकार और प्रशासन ही नहीं जनता के बीच भी समर्थन नहीं है। ऐसा होता तो उनके पक्ष में कोई बड़ा प्रदर्शन कम से कम पंजाब और हरियाणा में अवश्य दिखाई देता। पिछले कई दिनों से लग रहा था कि मुख्यमंत्री भगवंत मान इनसे नाखुश हैं और इन्हें बला मानकर टालना चाहते हैं। यानी कार्रवाई कभी भी हो सकती है। किसान संगठनों के नेताओं ने निश्चय ही सरकार के विरोध किए जाने की कोशिश की होगी। कार्रवाई के बावजूद कांग्रेस और अकाली दल जैसी पार्टियों के अलावा देश के अन्य भागों को छोड़िये पंजाब हरियाणा में ही कहीं कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। वैसे राजनीतिक पार्टियों द्वारा किसानों को हमेशा ही पालिटिकल टूल के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है लेकिन किसानों के वास्तविक हितों की अनदेखी होती है।

# रंग से नहीं, काबिलियत से तय होती है पहचान

**प्रो. आरके जैन**

रंग–एक ऐसा शब्द, जो सिर्फ चमक या छाया नहीं, बल्कि समाज की गहरी दरारों का प्रतीक बन चुका है। यह वह जहरीला बीज है, जो सदियों से भारतीय समाज की मिट्टी में बोया गया और आज भी इसकी जहरीली फसल हमारे आत्मसम्मान को लील रही है। खासकर महिलाएँ–जिनकी पहचान, योग्यता और सपनों को रंग के इस पैमाने पर तौला जाता है। यह शर्मिंदगी की बात है कि आधुनिकता का ढिंढोरा पीटने वाला हमारा समाज आज भी गोरे और काले के भेद में उलझा हुआ है। लेकिन इस अंधेरे में एक चिंगारी जली–केरल की पहली महिला मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन ने रंगभेद की इस कुत्सित मानसिकता पर ऐसा प्रहार किया कि समाज का चेहरा शर्म से झुक गया। उनके साहस ने न सिर्फ एक बहस छेड़ी, बल्कि यह साबित कर दिया कि सफलता का कोई रंग नहीं होता–वह तो मेहनत, आत्मविश्वास और काबिलियत का प्रकाश है। शारदा मुरलीधरन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने जीवन की कड़वी सच्चाइयाँ उजागर कीं। उनके सांवले रंग को बचपन से ही निशाना बनाया गया। ताने, कटाक्ष और अपमान उनके जीवन का हिस्सा बन गए थे। समाज ने उनके रंग को उनकी पहचान से बड़ा बना दिया, उनकी प्रतिभा को कुचलने की कोशिश की। लेकिन शारदा ने हार नहीं मानी। मेहनत और लगन से उन्होंने न सिर्फ ऊँचा मुकाम हासिल किया, बल्कि केरल की मुख्य सचिव बनकर इतिहास रच दिया। मगर समाज की संकीर्ण सोच यहाँ भी पीछे नहीं हटी। एक शख्स ने उनकी कार्यशैली की तुलना उनके पति से करते हुए बेहूदा टिप्पणी की–÷वह उतनी ही काली हैं, जितना उनके पति गोरे थे।÷ यह टिप्पणी सिर्फ एक शब्द नहीं थी–यह समाज की उस गहरी बीमारी का लक्षण थी, जो रंग को इंसान की कीमत का पैमाना मानती है। लेकिन शारदा ने इस अपमान का जवाब ऐसा दिया कि समाज की नींद उड़ गई। उन्होंने बुलंद आवाज में कहा, ÷मुझे मेरा रंग पसंद है। मुझे इस पर गर्व है। यह जवाब सिर्फ उस शख्स के लिए नहीं था–यह हर उस सोच को चुनौती थी जो गोरे रंग को सुंदरता का ताज पहनाती है और सांवले रंग को अपमान की गहराई में धकेलती है। शारदा ने साफ कर दिया कि असली सुंदरता रंग में नहीं, आत्मविश्वास और प्रतिभा में बसती है। उनकी यह प्रतिक्रिया एक तूफान बन गई–जिसने समाज की चुप्पी को तोड़ा और रंगभेद के खिलाफ एक नई जंग की शुरुआत की।

यह सवाल अब हर जुबान पर है–आखिर क्यों गोरे रंग को ही श्रेष्ठता का पर्याय माना जाता है? क्यों सांवले रंग को हीनता की नजर से देखा जाता है? शारदा मुरलीधरन की यह बेबाकी उन लाखों महिलाओं के लिए मशाल बन गई, जो अपने रंग-रूप के कारण खुद को कमतर समझती हैं। उनकी आवाज ने समाज को आईना दिखाया और बदलाव की एक उम्मीद जगाई। यह सिर्फ एक महिला की कहानी नहीं है–यह उस दर्द की पुकार है, जो हर सांवली लड़की ने कभी न कभी महसूस किया है। यह उस संघर्ष की गाथा है, जो हर उस इंसान ने जिया है, जिसे उसके रंग के कारण हाशिए पर धकेल दिया गया। भारतीय समाज में रंगभेद की जड़ें इतनी गहरी हैं कि वे हमारी संस्कृति का हिस्सा बन चुकी हैं। बचपन से ही बच्चों के दिमाग में यह बात ठूँस दी जाती है कि गोरा रंग ही सुंदरता का प्रतीक है। टेलीविजन पर विज्ञापन हों या फिल्मों के गीत–हर जगह गोरे रंग को महिमामंडित किया जाता है। ÷फेयर एंड लवली÷ जैसी क्रीम्स की बिक्री इस सोच को और हवा देती है। शादी-विवाह में यह भेदभाव अपने चरम पर पहुँच जाता है। गोरी बहू की माँग आज भी हर परिवार की पहली शर्त होती है। सांवले रंग की लड़कियों को न सिर्फ अपमान सहना पड़ता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी कुचल दिया जाता है। यह एक ऐसी सजा है, जो बिना जुर्म के दी जाती है। महिलाओं के लिए यह भेदभाव और भी क्रूर हो जाता है। चाहे वे कितना भी पढ़-लिख लें, कितना भी बड़ा मुकाम हासिल कर लें, उनकी पहचान उनके रंग से जोड़ दी जाती है। शारदा मुरलीधरन इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और काबिलियत से एक ऊँचा पद हासिल किया, लेकिन समाज ने उनकी सफलता को उनके रंग के चश्मे से देखा। यह सिर्फ उनकी कहानी नहीं है–यह हर उस महिला की कहानी है, जिसे उसके रंग के कारण जज किया गया। यह उस मानसिकता का सबूत है, जो योग्यता को रंग के तराजू पर तौलती है। लेकिन शारदा ने इस सोच को ललकारा। उनकी प्रतिक्रिया ने समाज को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने दिखाया कि रंग कोई बाधा नहीं है–यह तो एक पहचान है, जिसे गर्व से अपनाया जा सकता है। उनकी इस हिम्मत ने न सिर्फ रंगभेद के खिलाफ जंग छेड़ी, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव भी रखी। सोशल मीडिया पर उनकी बात को जबरदस्त समर्थन मिला। हजारों महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए–कोई अपने बचपन के तानों को याद कर रो पड़ी, तो किसी ने शादी में रिजेक्शन की पीड़ा बयाँ की। यह एक सामूहिक आवाज बन गई, जो रंगभेद के खिलाफ खड़ी हो गई। सरकार की ओर से भी इस मुद्दे पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। लोग अब खुलकर इस पर बात करने लगे हैं–यह बदलाव की पहली किरण है। शारदा मुरलीधरन का यह साहस उन लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपने रंग-रूप को लेकर हीन भावना से जूझती हैं। उन्होंने साबित किया कि सुंदरता का असली मापदंड रंग नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, मेहनत और व्यक्तित्व है। समाज को इस संकीर्ण सोच से बाहर निकलना होगा। गोरे रंग को श्रेष्ठता का तमगा देना बंद करना होगा। शिक्षा और जागरूकता ही इस बीमारी का इलाज है।

# नागपुर हिंसा के पीछे की सोच को समझना होगा

## नजरिया

**नागपुर के दृश्य निस्संदेह फिर देश को भयभीत कर रहे हैं। 33 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का घायल होना, भारी संख्या में वाहनों की तोड़फोड़ या जलाना, जगह-जगह घरों और दुकानों का क्षतिग्रस्त होना बताता है कि हमले सुनियोजित थे। विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान भी दिया कि यह सुनियोजित हमला लगता है। नागपुर पुलिस की प्राथमिकी, अभी तक की छानबीन तथा हिंसा के पैटर्न बताते हैं कि यह त्वरित उत्तेजना और गुस्से की परिणति नहीं थी। तत्काल किसी मुद्दे ,विषय या बयान से उत्तेजना हो तो छिटपुट समूह निकलकर हल्की-फुल्की हिंसा कर सकता है। वीडियो फुटेज में हमलावर चेहरे ढंके हुए हैं,नकाबपोश हैं , कई के पत्थरबाजी, तोड़फोड़ करते समय चेहरे से नकाब उतार रहे हैं , फिर वे लगा रहे हैं। पेट्रोल बम तक चले। इतने व्यापक क्षेत्र में बगैर पूर्व योजना और षड्यंत्र के वैसी हिंसा संभव नहीं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 13 प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है तथा 100 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी भी। घटनाक्रम देखिए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया और छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रतीकात्मक पुतला जलाया।**

**अवधेश कुमार**

माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फ़हीम अहमद लगभग 50-60 लोगों को लेकर गणेशपेठ पुलिस थाना पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई कि हरे कपड़े पर पवित्र कुरान की आयत लिखकर जलाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई कि पवित्र कुरान की आयतें जलाई गई है , लोगों के घर से निकलने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि हिंसा में दो लोगों की मृत्यु हो गई है। एक सोशल मीडिया अकाउंट बांग्लादेश से मिला है जिसमें लिखा गया कि यह छोटा दंगा था, इससे बड़ा दंगा आगे होगा। फहीम खान थाने से आकर 400-500 लोगों, जिनके हाथों में हथियार थे को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक यानी धरना स्थल पर पहुंच गया। पुलिस द्वारा भीड़ से वापस जाने के आग्रह को अनसुना करते हुए भड़काऊ और उकसाऊ नारे लगे। आप सोचिए, अगर कुछ निहत्थे लोग मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे हों, पुतले जल रहे हों और वहां कुल्हाड़ियों ,पत्थरों, लाठी, रोड और अन्य ऐसी सामग्रियां लेकर 400-500 लोग लहराने लगें तथा दृश्य ऐसे हों मानो टूट पड़ने वाले हैं तो लोगों की कैसी मनोदशा होगी। इसी दौरान भालदारपुरा में पुलिस पर पत्थरों से हमले की भी घटना हुई। सबसे शर्मनाक अंधेरे का लाभ उठाकर महिला पुलिस के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार था। गीतांजलि चौक पर भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पेट्रोल बम से हमला किया और पुलिस के दो वाहनों में आग लगा दी। गंजीपुरा में फ्लाईओवर निर्माण के लिए खड़ी दो क्रेन को पेट्रोल बम से आग लगा दी गई। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर पत्थरों और घातक हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया गया। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग आक्रामक तेवर और तैयारी में महल, कोतवाली, गणेशपेठ और चिटनिस पार्क समेत शहर के विभिन्न इलाकों में हिंसा करने लगे। नागपुर के सीए रोड, भालदारपुरा, गंजी पेठ, हंसापुरी, गांधी बाग, चिटनवीस पार्क, आदि क्षेत्र में ज्यादातर दुकानें पुराने मोटरसाइकिल एवं ऑटो स्पेयर पार्ट्स की हैं। सभी दुकानें मुस्लिम समुदाय की है। सोमवार को दुकानें सुबह से ही बंद रखी गई थी। क्यों? मोबिनपुरा में 150 गाड़िया इन्हीं लोगों की खड़ी रहती थी, वहां एक भी गाड़ी नहीं थी। क्यों? शाम की हिंसा में केवल हिंदू घर एवं दुकान ही निशाना बने। नागपुर के डीसीपी निकेतन कदम



पत्थरबाजी की घटना में घायल हुए। उनका वक्तव्य देखिए, ''जिस तरह से हर तरफ से पत्थरबाजी हुई, उसमें कई अधिकारी घायल हो गए। एक घर में कुछ लोग छिपकर पत्थरबाजी कर रहे थे। टीम वहां गई तो दूसरी ओर से 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ आई। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो एक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कई छतों से पत्थर फेंके जा रहे थे। पत्थर छत पर कैसे पहुंचे, कुछ तो प्लानिंग थी।' भीड़ उन्मादित और कुछ भी करने पर उतारू थी तो कारण सामान्य नहीं हो सकता। पुलिस वालों से मोर्चाबंदी कर रहे हैं, घायल कर रहे हैं तो इसका गहराई से विश्लेषण करना होगा।

ऐसी घटना को हम सामान्य राजनीतिक और दलीय चश्मे से देखेंगे तो भविष्य में होने वाले भयावह परिणामों के भागीदार बनेंगे। सच को सच के रूप में समझ कर स्पष्ट न बोला जाए तो परिणाम सतत भयावह से भयावहतम की ओर बढ़ेंगे। सामान्य सामाजिक व्यवहार की दृष्टि से देखें तो इस हिंसा का कोई कारण नहीं था। कोई समूह किसी विषय पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहा है तो उसे मजहब विरोधी कार्रवाई मानकर हमले की व्याख्या कैसे की जाएगी? साफ है कि ऐसा कुछ जलाया ही नहीं गया जिसका प्रचार किया गया। असदुद्दीन ओवैसी ने बयान दिया कि हरे कपड़े पर पवित्र पाक कुरान शरीफ की आयतें लिखकर जलाई गई है। इस तरह के अफवाह फैलाने वाले कौन हो सकते हैं? भारी संख्या में सोशल मीडिया अकाउंट बंद किए गए हैं और उनके आधार पर लोगों की गिरफ्तारियां हुई है। मानकर चलना चाहिए कि प्रदेश सरकार या अगर जांच केंद्रीय एजेंसी को दी जाती है तो केंद्र दोषियों को अंतिम सीमा तक दंड दिलाएगा। केवल दंड दिलाने से ऐसी समस्याओं का निदान नहीं हो सकता । विचार करने वाली बात है कि पूरे देश में जगह-जगह इस तरह की हिंसा के पैटर्न क्यों पैदा हो रहे हैं? इतने ईट , पत्थर , पेट्रोल बम आदि तत्काल पैदा नहीं हो सकते। इसकी पूरी तैयारी करनी होती है। हाल में महू, संभल से लेकर नागपुर तक मोटा- मोटी एक ही तरह का पैटर्न देखा जिसमें हमलावर पूरी तरह तैयार थे तथा सबके पास हमले की पर्याप्त सामग्रियां थीं। कोई औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग कर रहा है तो उससे इतनी संख्या में किसी समुदाय के लोगों के अंदर गुस्सा क्यों पैदा हो गई? औरंगजेब जैसे आततायी, धर्मांध, बुरे शासक के लिए उसकी मृत्यु के 300 से ज्यादा वर्षो बाद इतने लोगों के अंदर उसे अपना या इस्लाम का आदर्श मानने की इतनी संवेगी भावना कि मरने - मारने को उतारू हो जाएं कैसे पैदा हो गई? पहले भी सोशल मीडिया पर औरंगजेब का महिमामंडन कर हिंसा फैलाने की कोशिश की गई है। केवल औरंगजेब नहीं, महमूद गजनवी और उसके भांजे सालार मसूद तक के प्रति इतना समर्थन कैसे कि उन पर प्रश्न उठाने के विरुद्ध खुलेआम बयानबाजी और हिंसा तक की घटनाएं हो रही हैं? क्या कल कोई नादिर शाह और अहमदशाह अब्दली को भी इस्लाम का ध्वजवाहक मानकर लड़ना शुरू कर देगा? कल्पना करिए कि कोई जनरल डायर , लॉर्ड क्लाइव आदि के पक्ष में खड़ा हो तो देश उसे किस दृष्टि से दिखेगा? यही दृष्टि औरंगजेब, महमूद गजनवी, सालार मसूद गाजी जैसों के प्रति क्यों नहीं पैदा होती? यह विचारधारा है जिसमें इस्लाम के नाम पर काफिरों या विरोधियों के विरुद्ध अत्याचार, पवित्रतम स्थलों को ध्वस्त कर इस्लामी ढांचा खड़ा करना सही माना जाता है। इस्लाम को उच्च तथा काफिरों या विरोधियों के साथ बुरे व्यवहार की विचारधारा को व्यापक स्वीकृति मिलती दिख रही है।

यही आचरण दुनिया में आतंकवाद और अन्य प्रकार की हिंसा का है। भारत विभाजन के पीछे भी यही था। इसलिए दलीय बयानबाजी द्वारा ऐसे तत्वों को परोक्ष समर्थन देना इनको हिंसा के लिए प्रोत्साहित करना है जो भविष्य में आत्मघाती साबित होगा। शिवसेना नेता संजय राऊत का बयान देखिए, ÷नागपुर में हिंसा होने का कोई कारण नहीं है। यहीं पर आरएसएस का मुख्यालय है। यह देवेंद्र जी का निर्वाचन क्षेत्र भी है। यहां हिंसा फैलाने की हिम्मत कौन कर सकता है? हिंदुओं को डराने, अपने ही लोगों से उन पर हमला करवाने और फिर उन्हें भड़काकर दंगों में शामिल करने का यह एक नया पैटर्न है।÷ हिंसा कौन कर रहे थे साफ दिख रहा है और संजय राऊत को भाजपा और संघ दोषी नजर आ रहा है। इसी समय बेंगलुरु में संघ की प्रतिनिधि सभा से अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर का बयान है कि औरंगजेब अप्रासंगिक है और हिंसा अनुचित। सामना के संपादकीय में औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग करने वालों को हिंदू तालिबान कहा गया। लिखा गया कि औरंगजेब की कब्र मराठों और शिवाजी के शौर्य का प्रतीक है और उसे खत्म करने की मांग करने वाले इतिहास को समझने की कोशिश नहीं कर रहे। जब अबू आजमी ने औरंगजेब को महान शासक बताया तो अखिलेश यादव ने एक्स पर सच्चाई छुप नहीं सकती जैसे पोस्ट कर दिया। संसद के अंदर और बाहर सारा विपक्ष हमलावरों की आलोचना की जगह केवल प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने पर लगा रहा। भाजपा की आलोचना और विरोध करिए किंतु इतने बड़े खतरे की अनदेखी कर आप कैसे तत्वों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, इसका परिणाम क्या होगा इन पर अवश्य विचार कर लीजिए।

# अन्य देशों में रह रहे हिंदुओं के साथ खड़े रहने की आवश्यकता

**प्रहलाद सबनानी**

आज लगभग 4 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विश्व के अन्य देशों में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई देशों में तो भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के राजनैतिक पटल पर भी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आदि विकसित देश इसके प्रमाण हैं। आस्ट्रेलिया में तो भारतीय मूल के नागरिकों को राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय करने के गम्भीर प्रयास स्थानीय स्तर पर किए जा रहे हैं, क्योंकि अन्य देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की इस क्षेत्र में सराहनीय भूमिका सिद्ध हो चुकी है। राजनैतिक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिकों ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है जैसे अमेरिका के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आज भारतीयों का ही बोलबाला है। अमेरिका में प्रतिवर्ष लगभग 85,000 एच वन-बी वीजा जारी किए जाते हैं, इसमें से लगभग 60,000 एच वन-बी वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। इसी प्रकार अमेरिका की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारतीय मूल के नागरिक बन रहे हैं। आज अमेरिका एवं ब्रिटेन में प्रत्येक 7 चिकित्सकों में 1 भारतीय मूल का नागरिक हैं। न केवल उक्त वर्णित विकसित देशों बल्कि खाड़ी के देशों यथा, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में भी भारतीय मूल के नागरिक भारी संख्या में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों के आर्थिक विकास में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कई देशों यथा सिंगापुर, गुयाना, पुर्तगाल, सूरीनाम, मारीशस, आयरलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका आदि के राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति) भारतीय मूल के नागरिक रहे हैं एवं कुछ देशों में तो अभी भी इन पदों पर आसीन हैं। साथ ही, 42 देशों की सरकार अथवा विपक्ष में कम से कम एक भारतवंशी रहा है। दूसरी ओर, भारत के पड़ौसी देशों बांग्लादेश, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में भारतीय मूल के नागरिकों, विशेष रूप से हिंदुओं की जनसंख्या लगातार कम हो रही है। बांग्लादेश में तो वर्ष 1951 में कुल आबादी में हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत थी वह आज घटकर 8 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। लगभग यही हाल पाकिस्तान का भी है। बांग्लादेश में तो हाल ही के समय में सत्ता पलट के पश्चात हिंदुओं सहित वहां के अल्पसंख्यक समुदायों पर कातिलाना हमले किए गए हैं। केवल बांग्लादेश ही क्यों बल्कि विश्व के किसी भी अन्य देश में हिंदुओं के साथ इस प्रकार की घटनाओं का कड़ा विरोध होना चाहिए। भारतीय मूल के नागरिक सनातन संस्कृति के संस्कारों के चलते



बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से इन देशों के विकास में अपनी भागीदारी निभाते हैं। इसके बावजूद भी यदि भारतीयों पर इस प्रकार के आक्रमण किए जाते हैं तो इसकी निंदा तो की ही जानी चाहिए एवं विश्व समुदाय से इस संदर्भ में सहायता भी मांगी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए घातक हमलों की अमेरिका के राष्ट्रपति श्री डॉनल्ड ट्रम्प ने भी भर्त्सना की थी, इसी प्रकार के विचार अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी प्रकट किया थे। परंतु, आज आवश्यकता इस बात की है कि भारतीय हिंदू समाज भी विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के साथ खड़ा हो। इसी संदर्भ में, दिनांक 21 मार्च से 23 मार्च 2025 को बंगलूरू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ एकजुटता से खड़े रहने का आह्वान किया गया है एवं इस संदर्भ में निम्नलिखित एक विशेष प्रस्ताव भी पास किया गया है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों पर इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा लगातार हो रही सुनियोजित हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। यह स्पष्ट रूप से मानवाधिकार हनन का गम्भीर विषय है।

बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता पलट के समय मठ मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और शिक्षण संस्थानों पर आक्रमण, मूर्तियों का अनादर, नृशंस हत्याएं, सम्पत्ति की लूट, महिलाओं के अपहरण और अत्याचार, बलात मतांतरण जैसी अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं को केवल राजनीतिक बताकर इनके मजहबी पक्ष को नकारना सत्य से मुंह मोड़ने जैसा होगा, क्योंकि अधिकतर पीड़ित, हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों से ही हैं। बांग्लादेश में हिंदू समाज, विशेष रूप से अनुसूचित जाति तथा जनजाति समाज का इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा उत्पीड़न कोई नई बात नहीं है। बांग्लादेश में हिंदुओं की निरंतर घटती जनसंख्या (1951 में 22 प्रतिशत से वर्तमान में 7.95 प्रतिशत) दर्शाती है कि उनके सामने अस्तित्व का संकट है। विशेषकर, पिछले वर्ष की हिंसा और घृणा को जिस तरह सरकारी और संस्थागत समर्थन मिला, वह गम्भीर चिंता का विषय है। साथ ही, बांग्लादेश से लगातार हो रहे भारत विरोधी वक्तव्य दोनों देशों के सम्बन्धों को गहरी हानि पहुंचा सकते हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय शक्तियां जान बूझकर भारत के पड़ौसी क्षेत्रों में अविश्वास और टकराव का वातावरण बनाते हुए एक देश को दूसरे के विरुद्ध खड़ा कर अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही हैं। प्रतिनिधि सभा, चिन्तनशील वर्गों और अंतरराष्ट्रीय मामलों से जुड़े विशेषज्ञों से अनुरोध करती हैं कि वे भारत विरोधी वातावरण, पाकिस्तान तथा डीप स्टेट की सक्रियता पर दृष्टि रखें और इन्हें उजागर करें। प्रतिनिधि सभा इस तथ्य को रेखांकित करना चाहती है कि इस सारे क्षेत्र की एक सांझी संस्कृति, इतिहास एवं सामाजिक सम्बंध हैं जिसके चलते एक जगह हुई कोई भी उथल पुथल सारे क्षेत्र में अपना प्रभाव उत्पन्न करती हैं। प्रतिनिधि सभा का मानना है कि सभी जागरूक लोग भारत और पड़ौसी देशों की इस सांझी विरासत को दृढ़ता देने की दिशा में प्रयास करें। यह उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के हिंदू समाज ने इन अत्याचारों का शांतिपूर्ण, संगठित और लोकतांत्रिक पद्धति से साहसपूर्वक विरोध किया है। यह भी प्रशंसनीय है कि भारत और विश्वभर के हिंदू समाज ने उन्हें नैतिक और भावनात्मक समर्थन दिया है। भारत सहित शेष विश्व के अनेक हिंदू संगठनों ने इस हिंसा के विरुद्ध आंदोलन एवं प्रदर्शन किए हैं और बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा व सम्मान की मांग की है। इसके साथ ही विश्व भर के अनेक नेताओं ने भी इस विषय को अपने स्तर उठाया है।

भारत सरकार ने बांग्लादेश के हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ खड़े रहने और उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उसने यह विषय बांग्लादेश की आंतरिक सरकार के साथ साथ कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उठाया है। प्रतिनिधि सभा भारत सरकार से अनुरोध करती है कि वह बांग्लादेश के हिंदू समाज की सुरक्षा, गरिमा और सहज स्थिति सुनिश्चित करने के लिए वहां की सरकार से निरंतर संवाद बनाए रखने के साथ साथ हर सम्भव प्रयास जारी रखे। प्रतिनिधि सभा का मत है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों व वैश्विक समुदाय को बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्प संख्यक समुदायों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार का गम्भीरता से संज्ञान लेना चाहिए और बांग्लादेश सरकार पर इन हिंसक गतिविधियों को रोकने का दबाव बनाना चाहिए। प्रतिनिधि सभा हिंदू समुदाय एवं अन्यान्य देशों के नेताओं से तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से आह्वान करती है कि बांग्लादेशी हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समाज के समर्थन में एकजुट होकर अपनी आवाज उठाएं। यह प्रथम बार नहीं है कि भारत के किसी सांस्कृतिक संगठन ने विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के हित में आवाज उठाई है।

# रेल विकासः एक पहलू यह भी

**निर्मल रानी**

भारतीय रेल विकास के नित्य नये अध्याय लिख रहा है। अनेक तीव्रगामी ट्रेन संचालित की जा रही हैं। मुंबई-अहमदाबाद के मध्य तो हाई स्पीड रेल/ बुलेट ट्रेन चलने की योजना है। दिसंबर 2023 तक बुलेट ट्रेन संचालन की तैयारी को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। परन्तु अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसकी अधिकतम गति 320-350 किमी प्रति घंटे की बताई जा रही है। इससे भी आगे बढ़कर 1300 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हाइपर लूप चलाने का भी प्रस्ताव है। अनेक वनदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन चल चुकी हैं। इसके अतिरिक्त नमो भारत रैपिड रेल जिसे पहले वंदे भारत मेट्रो के नाम से जाना जाता था वह भी अहमदाबाद और भुज के बीच पहले से ही चल रही थी,अब दिल्ली, गाजियाबाद व मेरठ के बीच लगभग 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही है। इसी तरह अनेक रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। अनेक प्रमुख रेल स्टेशन पर एस्केलेटर / स्वचालित सीढ़ियां लगाई गयी हैं। अनेक रेल स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिये लिफ़्ट लगाई गयी हैं। भीड़ भाड़ वाले स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म बनाये गए हैं। उधर रेल परिवहन क्षेत्र में भी बड़ी क्रांति हुई है जिसके तहत भारत के समर्पित मालवाहक गलियारे (डीएफसी) पर विशेष रेलवे ट्रैक निर्मित किये गए हैं। यह ट्रैक केवल माल परिवहन के लिए डिज़ाइन किये गए हैं जिनका मकसद माल ढुलाई की क्षमता और गति को बढ़ाना,माल परिवहन की दक्षता और गति में सुधार करना, मौजूदा रेल नेटवर्क पर ट्रेन की संख्या को कम करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। परन्तु इन सब के बावजूद रेल यात्रियों की सुविधा,सुरक्षा व स्वास्थ्य आदि से जुड़े अनेक बुनियादी सवाल अभी भी उसी तरह बरकरार हैं। सरकार भले ही वंदे भारत,राजधानी व शताब्दी जैसी ट्रेनों के संचालन पर इतराती हो परन्तु हकीकत तो यह है कि देश की अधिकांश आम जनता इनके अतिरिक्त चलने वाली दूसरी लगभग तीन हजार सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स से ही यात्रा करती है। और इन ट्रेन्स में यात्रियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या तो बर्थ व सीट की उपलब्धता की ही है। लंबी दूरी की गाड़ियों में सामान्य कोच की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। न केवल यात्री लटक कर या दरवाजों पर खड़े होकर यात्रा करते हैं बल्कि कभी कभी तो यह यात्री शौचालय में घुसकर उसे भीतर से बंद कर अपनी यात्रा पूरी करते हैं। जिससे ट्रेन के अन्य यात्रियों को भी परेशानी होती है। और जब यही भीड़ अनियंत्रित होती ही तो स्लीपर क्लास से लेकर ए सी कोच तक में अनिधकृत रूप से घुस जाती है। ज्यादा भीड़ देखकर टिकट निरीक्षक भी उन्हें उतारने के बजाये यात्रियों से सुविधा शुल्क लेकर उनकी अवैध यात्रा की अनदेखी कर देते हैं। परिणामस्वरूप आरक्षित यात्रियों व उनके सामन की सुरक्षा तो खतरे में पड़ती ही है साथ ही उन्हें वाशरूम तक पहुँचने व उसे इस्तेमाल करने में भी परेशानी होती है। दिल्ली,पंजाब,महाराष्ट्र व दक्षिणी राज्यों से बिहार बंगाल की तरफ जाने वाली गाड़ियों में ए सी श्रेणी में उपलब्ध कराये जाने वाले कंबल व चादरों की तो दशा ही मत पूछिए। बहुत सौभाग्यशाली होता होगा वह यात्री जिसे धुली हुई चादर नसीब हो जाती हो। अन्यथा पूर्व के यात्रियों द्वारा प्रयुक्त चादरें ही तह कर और वेंडर के लिफ़ाफ़े में पैक कर उसपर टेप लगाकर पुनः दूसरे यात्रयों को दे दी जाती हैं । और कंबल का तो हाल ही मत पूछिए। यह बदबूदार गंदे कंबल तो शायद कभी धोये ही नहीं जाते। देर रात जब बेडिंग आपूर्ति करने वाले स्टाफ को नींद आती है तो यही चादरें और कंबल जो बाद में यात्रियों को भी दिए जाने हैं उन्हें गंदी फर्श पर बिछा कर सो जाते हैं। और सोने में सुहागा यह की उन्हीं कोनों में लोगों ने पान खाकर भी थूका होता है जहाँ वे चादर कंबल बिछा कर सो रहे होते हैं। निश्चित रूप से इस तरह के कंबलों व चादरों का यात्रियों को आवंटित किया जाना यात्रियों के आराम व सुविधा देने से अधिक बीमारियों व संक्रमण को न्यौता जरूर देता है। रेल मंत्रालय को इस दुर्व्यवस्था से सख्ती से निपटने की जरुरत है। मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में प्रायः किन्नर व महिलाओं के गैंग यहां तक कि सजी धजी सुन्दर लड़कियों के गिरोह सक्रिय रहते हैं। यह यात्रियों से पैसों की उगाही करते हैं।

# जिले के 207 श्रमिकों के खाते में आई 4 करोड़ से अधिक की राशि

**समय जगत, दतिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की अनुग्रह राशि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एनआईसी कक्ष दतिया में देखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्मय से दतिया जिले के 207 श्रमिकों को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की अनुग्रह राशि 4 करोड़ 49 लाख रूपये राशि का अंतरण किया गया।

**इन जनपद व निकायों में राशि अंतरित की गई:** जिन निकायों में वितरण किया गया उनमें जनपद पंचायत दतिया से 38 हितग्राही, जनपद पंचायत भाण्डेर से 55, जनपद सेंवढा से 78, नगर पालिका दतिया से 15, नगर पंचायत इंदरगढ से 5 नगर पंचायत बडोनी से 2, नगर परिषद भाण्डेर 9 एवं नगर परिषद सेवढा से 5 हितग्राहियों को राशि अंतरित की गई है।



**कुम्हेडी के ग्रामीण से किया संवाद:** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने दतिया जिले की ग्राम कुम्हेडी निवासी श्रीमती कल्लन बाल्मीक से संवाद किया। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर उनके हालचाल पूछा एवं केन्द्र तथा म.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की कि वह अधिक से अधिक केन्द्रीय एवं म.प्र. सरकार द्वारा चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपने आप को एवं परिवार को संबल बनायें।

**यह अधिकारी व गणमान्य लोग रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अक्षय कुमार तेम्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरू दांगी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनधि प्रशांत ढेंगुला, जनपद अध्यक्ष दतिया प्रतिनिधि बृजेश यादव, सहायक जिला श्रम अधिकारी योगेश सिंघल, जनपद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण तथा जिले के हितग्राही भी उपस्थित रहे।

## शत-प्रतिशत रहा केसी कान्वेंट हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम



**ब्यावरा।** नगर की जानी-मानी शिक्षण संस्था के. सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल के संचालक इंदर सिंह लववंशी जी ने बताया कि विद्यालय लगातार 22 वर्षो से संचालित हो रहा है। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी के. सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल का 5वी एवं 8वी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस सफलता पर विद्यार्थियों के इष्ट मित्र परिवार जन और विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। 8वीं में 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम लक्ष्मी खिंची 82 प्रतिशत, आयुष लववंशी 80 प्रतिशत, दिव्या यादव 79 प्रतिशत, सिया शर्मा 78 प्रतिशत, महिमा लववंशी 76 प्रतिशत, विवेक लववंशी 74 प्रतिशत, प्राथना सोंधिया 72 प्रतिशत, शारदा हरिजन 72 प्रतिशत, प्रवीण वर्मा 67 प्रतिशत, अंजली मेहेर 67 प्रतिशत, खुशी लववंशी 66 प्रतिशत, निखिल कुशवाह 66 प्रतिशत, पूर्ति गौड़ 66 प्रतिशत, अमन जाटव 65 प्रतिशत, हर्षिता भिलाला 65 प्रतिशत, राज लववंशी 64 प्रतिशत, नंदिनी सोलंकी 61 प्रतिशत, अनमोल सोनी 60 प्रतिशत अन्य विधार्थियो ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया कक्षा 5वी में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम अमन यादव 85 प्रतिशत, आस्था वर्मा 80 प्रतिशत, लोकेंद्र राजपूत 78 प्रतिशत, प्रियांश लववंशी 78 प्रतिशत, रोशनी वर्मा 77 प्रतिशत, शिवानी राजपूत 75 प्रतिशत, दर्शिका यादव 74 प्रतिशत स्मिता वर्मा 73 प्रतिशत, प्रीति गिर 73 प्रतिशत, प्रिया कारपेंटर 66 प्रतिशत, अंकित सोंधिया 66 प्रतिशत, अंकित गौड़ 66 प्रतिशत सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया।

## सरेआम खिल रहा आईपीएल का सट्टा, सट्टे के विरुद्ध पुलिस नही करती कोई कार्रवाई

**दतिया।** शहरी इलाके के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इन दिनों करोड़ों रुपए का ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खिलाया जा रहा है। आईपीएल में सट्टा का दांव लगाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। सट्टा में बर्बाद हुए युवक अपराध की ओर बढ़ रहे हैं, यह सब जानने के बावजूद इस पर रोक लगाने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। युवाओं में इन दिनों आईपीएल का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है। आईपीएल के जरिए युवा रातों रात मालामाल होने के लालच में अपना भविष्य तबाह कर रहे हैं। शहर में कई जगह सुबह 9 बजे से रात 12 बजे तक हाईटेक सटटा खिलाया जा रहा है। सट्टे की लत में छात्र एवं व्यापारी ब्याज पर रूपए लेकर आईपीएल में टीमों की हार-जीत पर दांव लगा रहे हैं। यहां तक कि लोग फोन से ही सट्टे का दांव लगा देते हैं। इस हाईटेक तरीके से दौलत कमाने के चक्कर में महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे कई जगह से मोबाइल पर सट्टे की बुकिंग ले रही हैं, कई महिलाएं तो खुद सट्टे से दौलत कमाने के लालच में दांव लगा रही हैं। इन दिनों किसान भी अपनी फसल बेचकर जो रुपए आते हैं उसी धनराशि को किसान परिवारों के बिगड़ैल युवक आईपीएल सट्टे में उड़ा रहे हैं। सट्टा की लत में फंसकर कर्ज में डूबे युवा इससे उबरने के लिए अपराध की ओर मुड़ रहे हैं। दरअसल सट्टे में हारे युवाओं पर आईपीएल सटोरियों का कर्ज चुकाने का दबाव इतना अधिक बढ़ जाता है कि वे दबाव से परेशान होकर अपनी जान तक दे देते हैं। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार सट्टे के चक्कर में बर्बाद हो चुके हैं और कई परिवार बर्बादी की कगार पर हैं। लोगों का कहना है कि नगर में जारी सट्टे से भलीभांति वाकिफ होने के बाबजूद पुलिस इस नाजायज धंधे की अनदेखी कर रही है जो समझ से परे है। इस मामले में अब पुलिस पर भी अंगुलियां उठने लगी हैं। सूत्रों की माने तो नगर में बडे पैमाने पर सट्टा लगाया जा रहा है। बीट में पदस्थ कुछ कर्मचारियों को सारी चीज मालूम होने के बाद भी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत नहीं कराया जा रहा है।

### विंध्य क्षेत्र में बनेंगे 400 केवी के दो सब स्टेशन

# आरईसी ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सौंपा ट्रांसमिशन एसपीवी




**समय जगत, शहडोल।** मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी, इस हेतु बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही. सौंपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पावर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है।

**पारेषण अद्योसंरचना होगी विस्तारित :** एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था, उक्त हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2ङ्ग800 मेगावॉट क्षमता के पावर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। उक्त पावर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अद्योसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी/एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था, जिसके तहत शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया। टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली (टी.बी.सी.बी) में मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2000 करोड़ रूपये की इस परियोजना को अन्य बिडर्स के मध्य न्यूनतम दर के आधार पर हासिल करने में सफलता प्राप्त की।

श्री चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि तमाम वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मध्य पारेषण सेवा अनुबंध (ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुये, जिसके तहत विंध क्षेत्र में टी.बी.सी.बी. में 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. की विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों सहित दो 400 के.व्ही. के सबस्टेशन रीवा (सगरा) एवं अमरपाटन में स्थापित किये जाने है।

## बिजली बिल का भुगतान न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**दतिया।** जिला मजिस्ट्रेट संदीप कुमार माकिन ने आदेश जारी कर आपके द्वारा लंबे समय से विद्युत देयक की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। विद्युत बकाया राशि बसूली के दौरान शस्त्रधारित 9 व्यक्तियों के कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिन व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें सुमित कुमार गुप्ता पुत्र स्व. मुरारीलाल गुप्ता राजगढ चौराहा, राहुल पुरोहित पुत्र महेश पुरोहित भटियारा मौहल्ला, गौरव दांगी पुत्र कृष्ण कुमार दांगी सिविल लाइन, नीरज भारद्वाज पुत्र मिजाजीलाल भारद्वाज आदि शामिल हैं।

## नगर परिषद अध्यक्ष इन्द्रजीत महेन्द्रसिंह खनूजा की अध्यक्षता में परिषद बैठक का आयोजन



**समय जगत, खिरकिया।** नगर परिषद अध्यक्ष इन्द्रजीत महेन्द्रसिंह खनुजा की अध्यक्षता में परिषद बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रस्ताव क्रमांक 1 से 21 तक रखे गये एवं दो अध्यक्ष की अनुमति से रखे गये, जिसमें प्रस्ताव क्र. 01 और 2 की दर स्वीकृत की गई, प्रस्ताव क्र. 3 एवं 4 में दरे आमंत्रित करने की स्वीकृति, प्रस्ताव क्र.8 में आगामी ग्रीष्म ॠतु के देखते हुए मरम्मत कार्य हेतु सामग्री दरे आमंत्रित करने की एवं 9 में मछली बाजार निर्माण कार्य करने की प्रसताव क्रमांक. 10 में नगर के मुख्य मार्गो पर हाईमास्क लगाने की, प्रस्ताव क्र. 11 में होर्डिग लगाने हेतु 100 प्रति वर्गफुट के दर बढाने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव 12 में वर्ष 2025-26 बजट निकाय का बजट पेश किया गया जिसे 716047193 आय एवं व्यय 715987900 अनुमानित वचत 59293 का प्रस्ताव पास किया गया है। प्रस्ताव क्र. 13 निकाय क्षैत्र के समस्त वार्डो में डामरीकरण कार्य कराने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव क्र. 14 में बस स्टेण्ड एवं खेल मेदान हेतु शासन से भूमि की मांग की जावे। प्रस्ताव क्रमांक 15 में नई स्काई लिफट लेने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव क्र. 16 में आगामी ग्रीस्म ॠतु को देखते हुए पेजयल व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव क्र. 17 में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत निर्माणाधीन टंकी का समयावधि बढाने का तथा वार्ड क्र. 14 में सुलभ शौचालय निर्माण कार्य की दर स्वीकृत की गई एवं 19 में अमन हरद्वाज की परीक्षावधि समाप्ति का निर्णय लिया गया तथा सफाई कामगार शेख रईस की पदोन्नति का विषय अगली बैठक मे रखने का निर्णय लिया गया। 21 में जो कर्मचारी की सेवावधि 12 वर्ष की हो गई उनको क्रमोन्नति दिये जाने की एवं राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। अंबेडकर भवन आदिवासियो के लिये निर्माण करने का निर्णय लिया गया है उपरोक्त 1 से 23 तक प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किये गये। उक्त बैठक में उपाध्यक्ष विजयंत गौर पार्षद फुलबाई उईके, किरण नरेन्द्र आठनेरे, श्रीमति नेहा रविन्द्र दुआ संगीता अभिषेक पांडे, लक्ष्मी संजय यादव, पुष्पा अनिल जैन, नितिन गुप्ता, सुरेन्द्र आठनेरे रमा सत्यनारायण गौर, राजेश मालाकार, अनिल मालाकार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ए.आर.सांवरे, अशोक उईके लेखापाल, सुनील राजपूत नरेश बाओनिया, राकेश पाराशर भागवत राय, रामेष्वर सोनी, मनोज जोशी सहित आदि कर्मचारी उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त एमपी नगर भोपाल**

(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)

प्र.क्र.-0822/अ-6/24-25

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुधीर सक्सेना आ. रमाशंकर सक्सेना निवासी अहमदपुर कला द्वारा ग्राम अहमदपुर कला तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 10, 11, 12/2, 13/2/2/2 का अंशभाग रकबा 700 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर स्वयं अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.3.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार नजूल वृत्त एमपी नगर भोपाल**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति भी कमलेश सिंह आत्मज श्री एन.पी. सिंह डिमेनशिया (भूलने की बीमारी/मनोसम) एवं सीवियर स्क्रे जोफेनिया (मनोरोग) से पीडित है। उनका इलाज मनोरोग चिकित्सक की देखरेख में चल रहा है। इस सूचना के प्रकाशन दिनांक या उसके बाद उनसे किसी भी प्रकार की संव्यवहार जैसे क्रय-विक्रय अनुबंध, लेन-देन आदि न करे यदि ऐसा होता है तो सभी संव्यवहार शून्य एवं अवैध होंगे। उससे होने वाले नुकसान एवं कानूनी कार्यवाही के लिए संव्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना प्रकाशनकर्ता
श्रीमति रेखा सिंह
पत्नि श्री कमलेश सिंह
म.न. 10 विलास
बुद्ध मंदिर के सामने
कोलार रोड बंपल (म.प्र.) 462016
मो.नं. 9285533600 कुमार सिंह अनिवा

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्र. आरएस/444/0760/5913/2025

**इश्तहार**

आवेदक अंकुश गर्ग आ. श्री आर.एस. गर्ग निवासी ग्राम बोरदा द्वारा ग्राम बोरदा स्थित खसरा क्र. 37/38/1, 32/20 अन्य क्षेत्रफल 12.685 हेक्टेयर हेतु भूखंड/मकान क्र. (आवासीय/ गैर-आवासीय कॉलोनी) में विक्रय पत्र/फौती/वसीयत नामा/अधिकार त्याग पत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 11.4.2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.3.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

:: आम सूचना ::

सेटेलाईट प्लाजा अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में दुकान क्रमांक 49 (भूतल) मण्डल द्वारा श्री जसवंत सिंह राठौर आत्मज श्री कैलाश सिंह राठौर के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 18/02/2010 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपति श्री लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास आत्मज श्री तुलसीराम श्रीवास के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपति का विक्रय विलेख दिनांक 07/06/2022 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपति श्री लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास आत्मज श्री तुलसीराम श्रीवास के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

:: आम सूचना ::

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भवन क्रमांक एल.आई.जी. 68 एम-सेक्टर मण्डल द्वारा श्रीमती सीमा सोनी पत्नी श्री पूरनलाल सोनी के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 08/02/2006 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती सीमा सोनी पत्नी श्री पूरनलाल सोनी (माता जी) की दिनांक 24/01/2025, श्री पूरनलाल सोनी आत्मज श्री उदय सोनी (पिता जी) की दिनांक 17/12/2018 एवं श्री राजू सोनी आत्मज श्री पूरनलाल सोनी (भाई) की दिनांक 12/09/2004 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री संतोष कुमार सोनी आत्मज स्व. श्री पूरनलाल सोनी के द्वारा उक्त भवन अपने एकल नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पति श्री संतोष कुमार सोनी आत्मज स्व. श्री पूरनलाल सोनी के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

:: आम सूचना ::

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक 120 - ए मण्डल द्वारा श्री अब्दुल वहीद खान आत्मज श्री मोहम्मद नईम खान के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 31/08/1985 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपति श्री मोहम्मद मेहबूब खान आत्मजश्री मोहम्मद मुर्तजा खान के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपति का विक्रय विलेख दिनांक 25/09/2012 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपति श्री मोहम्मद मेहबूब खान आत्मज श्री मोहम्मदं मुर्तजा खान के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई, आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

:: आम सूचना ::

ओल्ड सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में फ्लैट / भवन क्रमांक जूनि एम.आई.जी. 018 (भूतल) मण्डल द्वारा श्री जगदीश प्रसाद पटवा आत्मज स्व. श्री अच्छेलाल पटवा के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क. 11098-2 दिनांक 25/10/2001 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 6/02/2001 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 12/07/2024 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपति श्रीमती भारती जैन पत्नी श्री विनोद कुमार जैन एवं श्री विनोद कुमार जैन आत्मज श्री पंचम लाल जैन के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपति का विक्रय विलेख दिनांक 11/03/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपति श्रीमती भारती जैन पत्नी श्री विनोद कुमार जैन एवं श्री विनोद कुमार जैन आत्मज श्री पंचम लाल जैन के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मालथौन जिला सागर मप्र**

क्रमांक/ /प्रवा.तह. 2025
मालथौन दिनांक 25.3.2025

प्रति,
मुहत्तमकार रामकिशोर त्यागी, गुरू कमलदास त्यागी, निवासी तीतरी तहसील मालथौन

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक देव हनुमान मंदिर स्वामी मुहत्तमकार रामकिशोर त्यागी, गुरू कमलदास त्यागी प्रबंधक कलेक्टर महोदय सागर द्वारा आवेदन पेश कर लेख किया है कि मौजा मॉदरी पटवारी हल्का नंबर 04 में देव हनुमान मंदिर तीतरी प्रबंधक कलेक्टर महोदय सागर के नाम खसरा नंबर 97, 185, 327, 334, 379, 436 कुल रकवा 6.43 हे. भूमि वर्ष 2025-26 के लिए ठेका पर दी जानी है। उक्त भूमि पर 17 आम के पेड़ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि की नीलामी हेतु आवेदन पेश किया।

अत: उक्त प्रकरण में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 9.4.2025 के पूर्व दावा आपत्ति पेश करें। ताकि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

तहसीलदार
तहसील मालथौन

**न्यायालय नायब तहसीलदार नर्जूल वृत्त-2 गोविन्दपुरा, भोपाल**

**आम सूचना**

प्रकरण क्रमांक 1068/अ-6/2024-25

आवेदक - श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री दशरथ सिंह निवासी-इलेक्टिसिटी के पास मकान न. 1220 शिव नगर कालोनी विदिशा रोड फेस-3 भानपुर भोपाल म.प्र. द्वारा स्थित भूमि ग्राम भानपुर खसरा क्रमांक 94/1/2/6, 95/2/1/7, 95/4/1/5, 95/4/2/3, 95/4/2/7 के अंशभाग में से रकबा 875 वर्गफिट भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु, भू-राजस्व संहिता -1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने की दिनांक से 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में अपत्ति प्रस्तुत ना करने की दशा में या बाद में की गयी आपत्ति पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा। उदघोषणा न्यायालय की मुद्रा में मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार नजूल वृत्त -2 गोविन्दपुरा भोपाल**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल**

क्रमांक/क्यू/रीडर/2025
भोपाल दिनांक 10.03.2025
प्रकरण क्रमांक /अ-6/2024-25

**- इश्तहार -**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री श्रीधर कानिटकर तथा श्री अजित दत्रातय कानिटकर पुत्रगण स्व. श्री डी पी कानिटकर निवासीगण मन 391, सेक्टर-3, शक्ति नगर, भोपाल द्वारा शक्ति नगर, सेक्टर-03 ग्राम शाहपुरा, तहसील कोलार स्थित लीज भूमि क्रमांक 391 क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट में से 46.466 वर्गमीटर के नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जो, विचाराधीन है।

आवेदकगणो द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त नजूल भूमि के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी तहसील कोलार, भोपाल**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल**

क्रमांक/क्यू/रीडर/2025
भोपाल दिनांक 10.03.2025
प्रकरण क्रमांक /अ-6/2024-25

**- इश्तहार -**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती महक मंधनानी तथा सुश्री याशिका मंधनानी पत्नी/पुत्री स्व. श्री अनूप मंघनानी निवासीगण ई-1/53, अरेरा कालोनी, भोपाल द्वारा अरेरा कालोनी ग्राम शाहपुरा, तहसील कोलार स्थित लीज भूमि क्रमांक ई-4/120 क्षेत्रफल 418.215 वर्गमीटर के नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो, विचाराधीन है।

आवेदकगणो द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त नजूल भूमि के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी तहसील कोलार, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 8832/1/2024-2025
मौजा नीलबड तहसील हुजूर भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चंद्रकला सॉलकी पत्नी री दीनदयाल सोलंकी निवासी दुर्गा मंदिर के पास नीलबड़ ने द्वारा मप्रभूरा संहिता 1968 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्स विक्रय पत्र ग्रंथ न. 21361 दिनांक 28.03.2007 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमाक 219/1 कुल रकबा मे से 1500 वर्गफिट ग्राम नीलबड़ प.ह.नं. तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

.2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25.03. 2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार तहसील-हुजूर भोपाल**

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय नायब तहसीलदार संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

रा.प्र.क्रं. 1611/अ-6/2024-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 04/04/25 को समय दोपहर 03.00 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम निशातपुरा, खसरा नंबर 4/1/2, क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट, उस व्यक्ति विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) मो. उमर पुत्र श्री मो. मोहसिन खान।

आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 8821/1/2024-2025
मौजा नीलबड तहसील हुजूर भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चंद्रकला सॉलकी पत्नी री दीनदयाल सोलंकी निवासी दुर्गा मंदिर के पास नीलबड़ ने द्वारा मप्रभूरा संहिता 1968 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्स विक्रय पत्र ग्रंथ न. 21342 दिनांक 28.03.2007 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमाक 219/1 कुल रकबा मे से 1500 वर्गफिट ग्राम नीलबड़ प.ह.नं. तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

.2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25.03. 2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार तहसील-हुजूर भोपाल**

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय नायब तहसीलदार संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

रा.प्र.क्रं. 1624/अ-6/2024-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 07/04/25 को समय दोपहर 03.00 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम रुसल्ली, खसरा नंबर 42/1/2, 46 क्षेत्रफल 600 वर्गफिट, उस व्यक्ति विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) मो. फईम उद्दीन आ. सला उद्दीन।

आज दिनांक 28/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**

# एएसपी ने कुलपहाड़ थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण



**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कुलपहाड़ का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क पहुंच कार्यों को परखा गया, जिसमें आवेदिका, आने वाली पीड़िता का नाम, पता आदि एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान के उल्लेखित विवरण के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। तदोपरान्त थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, कम्प्यूटर कक्ष, विवेचक कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, शौचालय, स्नानघर, भोजनालय, थाना परिसर में साफ-सफाई आदि का निरीक्षण करते हुए मालखाने में रखे शस्त्रों की साफसफाई व रख रखाव का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया और त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में खडे माल मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ राधेश्याम वर्मा को निर्देशित किया गया। इस दौरान थाने में नियुक्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया, समस्या निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ राधेश्याम वर्मा, निरीक्षक यशवंत सिंह, चौकी प्रभारी बेलाताल उ0नि0 विवेक कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अलविदा की नमाज सकुशल कराई गयी संपन्न



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपद महोबा की विभिन्न मस्जिदों में माह-ए-रमजान में अलविदा की नमाज के दृष्टिगत सभी मस्जिदों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न मस्जिदों में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये आगामी पर्व को मनाये जाने की अपील की गयी, साथ ही जनपद में अमन चैन बना रहे इसके लिये किसी भी तरह की अवांछनीय गतिविधि होने पर इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दिये जाने की अपील की गयी, जिससे जनपद का माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन पर अलविदा की नमाज के दौरान जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत इबादतगाहों व मिश्रित आबादी वाले व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों में ड्रोन कैमरों से निगरानी के साथ ही चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात करते हुये व्यापक पुलिस प्रबन्ध किया गया, इस दौरान भारी पुलिस बल दृश्यमान रहा। जनपदीय पुलिस प्रशासन की चुस्ती व मुस्तैदी के परिणाम स्वरुप जनपद में अमन चैन के साथ जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।

## सार-समाचार

### जिलाधिकारी ने फरियादियों की सुनी शिकायतें निराकरण के दिए निर्देश



**समय जगत, हमीरपुर।** जनपद के जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में लगभग 62 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया।शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व 25 हजार रुपए के अर्थदण्ड से किया दण्डित



**समय जगत, चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु *पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह* द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष राजापुर प्रवीण सिंह एवं पैरोकार मुख्य आरक्षी बृजबिहारी व प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला व उनकी टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप *माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चित्रकूट श्री अनुराग कुरील* द्वारा आज दिनाँक 28.03.2025 को पुलिस मुख्यालय से पैरवी हेतु चिन्हित एवं थाना राजापुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 785/2008 धारा 302/34 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त भोंदू उर्फ राधाकृष्णा पुत्र बच्चुराम निवासी बरद्वारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।उल्लेखनीय है कि दिनांक 28.08.2008 को वादी अनिरुद्ध प्रसाद द्विवेदी पुत्र बैजनाथ निवासी बरद्वारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा थाना राजापुर पर सूचना दी कि अभियुक्त भोंदू उपरोक्त द्वारा उनके पुत्र मधुकर की गोली मारकर हत्या कर दी।सूचना थाना राजापुर में मु0अ0सं0 785/2008 धारा 302/34 भादवि0 पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना तत्कालीन निरीक्षक श्री बृजभूषण दुबे द्वारा सम्पादित की गयी।आरोपी के विरुद्ध दिनाँक 15.01.09 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया।

### बीडीओ ने जानी किसानों की समस्यायें, समाधान का दिया आश्वासन



**बांदा।** जंगली और हिंसक जानवरों द्वारा फसलों को बर्बाद किए जाने से नाराज किसानों ने धरना शुरू किया तो प्रशासन की नींद टूटी और उन्हें संरक्षित करने के लिए स्थान चिन्हित स्थान पर कंटीले तार लगाए जाने निर्देश दिए।बिजली आपूर्ति और अन्ना मवेशियों की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत पल्हरी, बड़ागांव, नीलाथू, मिलाथू, आलमपुर, देवरथा सहित करीब एक दर्जन से अधिक गांव के किसानों ने समाज सेवी पीसी पटेल की अगुवाई में किसानों ने अनशन शुरू कर दिया है।किसानों के इस फैसले को लेकर जहां प्रशासन परेशान है।खंड विकास अधिकारी गरिमा अग्रवाल भी मौके पर पहुंचकर किसाने की समस्याओं को सुना।बीडीओ ने कहा कि जंगली और हिंसक जानवर है इनको पकड़ने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी लेकिन किसानों का सहयोग मिला तो इन जानवरों को पकड़ कर एक जगह संरक्षित किया जाएगा। किसानों के इस सुझाव को खंड विकास अधिकारी गरिमा अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख रमाकांत पटेल, आईएसबी अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रधान सुरेश पटेल ने बड़ागांव के सौंधिया तालाब का निरीक्षण कर चारों तरफ से कंटीले तार लगाकर उन्हें संरक्षित किए जाने की योजना बनाते हुए गांव के प्रधान एवं सचिव दिनेश यादव को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर तारबाड़ी लगाकर हिंसक जानवरों को बंद किया जाए साथ यह भी बताया कि जंगली एवं हिंसक जानवरों को पकड़ने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी और गौशालाओं में जो भी गोवंश बंदी हैं उन्हे टेंगिग कर दी गई है।जो किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं वह जंगली एवम हिंसक मवेशी है।उधर जिले के जिले के अधिकारियों ने वन विभाग को भी पत्र लिखकर हिंसक जानवरों को पकड़ने के लिए मदद मांगी है।

# कलेक्टर आशीष सिंह ने बस ऑपरेटरों की ली बैठक

## इंदौर में इधर-उधर से सवारी बैठाने और बस खड़ी करने पर होगी कड़ी कार्रवाई- बसों को किया जायेगा जब्त



**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बस ऑपरेटरों से कहा कि वे अपनी बसों का संचालन निर्धारित स्थान से ही करें। इधर-उधर से कहीं पर भी बस रोक कर सवारी नहीं बैठाये। सड़कों पर अपनी बसों को पार्क नहीं करें। बसे निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें। इधर-उधर से सवारी बैठाने और बसें पार्क करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बसों को जप्त भी किया जायेगा। बस संचालकों को बस पार्क करने के वैकल्पिक स्थान चयन करने के लिए तीन दिन की मोहलत दी गई है। इसके बाद परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त मुहिम चलाकर बसों को जप्त करने की कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इस संबंध में व्यवस्था बनाने के लिए आज अखिल भारतीय पर्यटक परमिट एवं स्टेज कैरिज परमिट पर संचालित बसों के ऑपरेटरों की बैठक ली। बैठक में स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि उक्त बस ऑपरेटरों द्वारा अपनी बसों को गंगवाल बस स्टैण्ड, छोटी ग्वालटोली, नवलखा, पिपल्याहाना, रिंग रोड़ तथा तीन ईमली क्षेत्र में कहीं पर भी बसें खड़ी कर यातायात बाधित किया जाता है। इससे यातायात जाम होता है और दुर्घटना की आशंका रहती है। बस ऑपरेटरों से कहा गया कि वे अपनी बसों को तीन दिन में निर्धारित स्थान से संचालित करना शुरू करें। कहीं से भी सवारी नहीं बैठाये। बसों को पार्क करने के लिए वैकल्पिक स्थान मुहैया कराया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को स्थान चिन्हित कर बसों को पार्क करने की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कहा कि वे ऑटो रिक्शा संचालकों की भी बैठक लेकर उक्त संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देंवे। बैठक में बस ऑपरेटरों से भी सुझाव लिये गये।

## कन्या विवाह/निकाय में शामिल हुए डॉ. मोहन यादव

# पेयजल एवं सिंचाई सुविधा हेतु बनाये जायेंगे बैराज : मुख्यमंत्री



**झाबुआ।** जिले में 27 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत विशाल सामुहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री लगभग 2000 जोड़ो को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशिर्वाद देकर विशाल सामुहिक विवाह के साक्षी बने। पारंपरिक रूप से स्वागत' कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया के द्वारा जिले की सांस्कृतिक परम्परा के अनुरूप करते हुए ट्राइबल जैकेट झूलडी पहनाकर , साफा बांधकर एवं तीर कमान भेंट कर किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कन्यापूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुष्प वर्षा और जनता का अभिवादन' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वैवाहिक जोड़ो पर पुष्प वर्षा करते हुए कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश किया और जनता का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ऐसा विशाल विवाह समारोह आनन्दित कर रहा है, 2000 जोड़ो को परिणय सूत्र में बंधते हुए देखना एक नया अनुभव है। यह उन 4000 परिवारों के लिए एक सुखद अवसर है एवं इस विशाल समारोह में मंत्रोच्चार से धरती गुंजायमान हो चूंकि है। उन्होंने बताया कि आपका सभी वरों से कहा कि अपनी बेटियों का कन्यादान किया है इनका जीवन खुशियों से भरा रहे यही मंगल कामना है। उन्होने कहा भगवान सूर्य को साक्षी मानकर आज 2000 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे है। मनुष्य जीवन के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण संस्कार है, इसमें माध्यम से 7 फेरों के माध्यम से 7 वचनों को पूरा कर सात जन्मों तक बंधन स्थापित होता है। ईश्वर से मंगल कामना है कि आपके जीवन में सदैव खुशिया रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए प्रयास किये गये है। राज्य सरकार ने सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर प्रतिनिधित्व बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार महिला, युवा, किसान एवं गरिबो के विकास हेतु प्रयासरत है। महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रुपये दिये जा रहे और निरन्तर हर माह दिये जाएंगे, न यह योजना महिलाओं के जीवन में आमूलचुल परिवर्तन ला रही है यह बन्द नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई हेतु भांडाखेड़ा बैराज, नागन खेड़ी, गलती, छायण, झालरवा, बुदाशाला और कल्लीपुरा में बैराज बनाने की घोषणा की।

# बीएसएनएल कार्यालय बंद होने से उपभोक्ता परेशान

## फील्ड में होने का बहाना बनाकर जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे अफसर, अव्यवस्था चरम पर



**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के पिछोर नगर में बीएसएलएल कार्यालय पर कई दिनों से ताला लगा होने की बात आमजन में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक समय था जब वीएसएनएल कार्यालय पर लोगों का जमावडा देखने को मिलता था। लेकिन अब हालात कार्यालय पर ताला लटके होने के नजर आने लगे हैं। जानकारी के अनुसार यहां एक मात्र अधिकारी जेटीओ हैं जो कि फील्ड में होने की बात कहकर अपना पल्ला झाडते नजर आते हैं। स्थानीय लोग यह भी बताते हैं कि कार्यालय पर कोई ना होने से यहां पर पास ही में रखा लाखों रूपये का सामान टावर लावारिस स्थिति में रहता है। टावर से संबंधित व अन्य वीएसएनएल सेवा संबंधी शिकायत लेकर आने वाले उपभौक्ता परेशान होकर वापस आ जाते हैं। लोगों का आरोप है कि जेटीओ पटेल कभी कभार ही आफिस आते हैं। फिंगर लगाकर अपनी हाजिरी प्रदर्शित कर चले जाते हैं। बताया जाता है कि यह हाल केवल पिछोर का ही नहीं अपितु आसपास के ग्रामीण बीएसएनएल कार्यालय का भी है। पिछोर खनियाधाना समेत भौंती में भी वीटीएस सेवा के लिये कोई अधिकारी कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। कुछ ग्रामीणों में महेश प्रजापति, संतोष कुशवाह, सुनील, नकूल यादव, वंटी जाटव, ने जानकारी देते हुये बताया कि बीएसएनएल से संबंधित कोई भी जानकारी लेनी हो तो नहीं मिलती है। कार्यालय प्रांगण में गंदगी देखने को मिलती है। अगर वीएसएनएल टावर गायव हो जाते हैं तो कई घंटों तक गायब ही बने रहते हैं। कुछ अन्य जानकारी लेने के दौरान बताया गया है कि बीटीएस टावर के सभी जगह के ठेकेदार पूर्व से नियुक्त है लेकिन उनकी राशि को भृष्टाचार पूर्वक वीएसएनएल अधिकारी डकार रहे हैं। पिछोर में पदस्थ वीएसएनएल जेटीओ पटेल पर भी इसी तरह के आरोप लगाये जा रहे हैं। कई उपभौक्ताओं द्वारा शिकायती आवेदन के माध्यम से शासन प्रशासन को इस संबंध में अबगत भी कराया गया है।

### फर्सी रोड का नाम हुआ आचार्य विद्यासागर मार्ग

**बेगमगंज।** सागर भोपाल मार्ग से नगर के टीचर कालोनी को जाने बाली सड़क का नाम बदलकर आचार्य विद्यासागर मार्ग रखने और सड़क पर प्रवेशद्वार निर्माण का भूमिपूजन किया गया। जैन समाज के द्वारा आचार्य विद्यासागर के नाम पर मार्ग का नाम रखने की मांग की गई थी। जिसको लेकर पार्षद राजेश यादव ने प्रस्ताव रखा और नपा परिषद की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई। शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा मार्ग का लोकार्पण जैन मुनि श्री श्री 108 निष्कंप सागर महाराज एवं निष्काम सागर महाराज की उपस्थिति में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय जाट, नपा उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, वार्ड पार्षद राजेश यादव, पार्षद अजय जैन, लोकराज ठाकुर, राजीव दुबे, गुलाब रजक, महेश साहू के द्वारा आचार्य विद्यासागर के चित्र की पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर मार्ग का एवं प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सिलाई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया समापन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के तत्वावधान में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सिंगरौली द्वारा संचालित महिलाओं हेतु आयोजित सिलाई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस समापन समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर एवं आर एंड आर माहताब आलम, कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल, जिला अग्रणी प्रबंधक रंजीत कुमार, यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विजय कुमार और फैकल्टी श्रीमती निशा द्विवेदी सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के दौरान संस्थान द्वारा महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और बढ़ा सकें। यह कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल साबित हुआ है, जो उन्हें हुनर और रोजगार के अवसर प्रदान करता है। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित करती है जो महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने, आर्थिक स्वतंत्रता और सतत आजीविका को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग

# विदिशा जिले की घटनाओं को लेकर विश्वकर्मा समाज ने सौंपा ज्ञापन



**बेगमगंज।** विश्वकर्मा समाज के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन बेगमगंज एसडीएम को सौपा है। ज्ञापन मैं उल्लेख किया है कि विदिशा जिले में 13 मार्च को गंजबासौदा रहने वाले एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। उसके साथ ट्रेन में किन्नरों ने मारपीट की थी। इस मारपीट करने का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में दिख रहे युवक का नाम आदर्श विश्वकर्मा है। पिटाई के बाद युवक की ट्रेन से गिरने से मौत भी हुई। अब इस मामले में विश्वकर्मा समाज ने किन्नरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आदर्श विश्वकर्मा भोपाल मैं कार्य करता था तथा विदिशा से भोपाल अप डाउन करता था। इसी बीच 13 मार्च को गोंडवाना ट्रेन में उसके साथ किन्नरों ने पैसों की मांग की गई पैसा न दिए जाने पर उसके साथ मारपीट की। वहीं दूसरी और एक अन्य मामले में नाबालिक बालिका के साथ 18 मार्च 20 25 को उसके निज निवास पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली बालिका की नस कटी एवं चोट के निशान पाए गए म्रतक के भाई ने गांव के एक व्यक्ति को घर से निकलकर भागते देखा। साथ ही साथ ही आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए आरोपी पर धारा 302,376 पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया जाए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए आदि सब मांगों को लेकर बड़ी संख्या में विश्वकर्मा युवा मंडल, सर्व विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में समाज समाज अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह विश्वकर्मा, युवा मंडल अध्यक्ष ऋ षभ विश्वकर्मा, प्रशांत विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, प्रभु विश्वकर्मा, राम सिंह, मुकेश विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, शिवाकांत विश्वकर्मा, देवेंद्र, तुलसीराम सीताराम, मुकेश, चंद्रेश, बलराम सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल हैं।

### कृषि मंडी में बंपर आवक, दूर-दूर से उपज बेचने आ रहे किसान



**समय जगत, बीनागंज।** बीनागंज गुना जिले में मशहूर बीनागंज कृषि उपज मंडी में वर्तमान समय में बंपर आवक देखी जा रही है दूर-दूर के क्षेत्र से किसान अपनी फसल को बीनागंज मंडी में बेचने के लिए ला रहे हैं हालत यह हैं स्थानी मंडी ग्राउंड छोटा हो जाने से मंडी का घोष विक्रय दो अलग-अलग स्थान पर किया जा रहा है रात से ही किसान भाइयों का आना शुरू हो जाता है सुबह होते-होते मंडी का एक ग्राउंड फुल हो जाता है इसे वैकल्पिक व्यवस्था हेतु किसान भाइयों को अपने अनाज से भरे हुए पिकअप वाहन ट्रैक्टर एवं अन्य साधनों से ले जाने वाले अनाज को दूसरे ग्राउंड में लगवाया जाता है दूर-दूर से आने वाले किसान भाइयों के लिए बड़े-बड़े टीन शेड निर्माण किया है जिसमें कृषक आराम से खड़े होकर अपनी फसल को बेच सकते हैं पीने के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था ठंडे पानी के मटके लगाए गए हैं भोजन के लिए कैंटीन पर मात्र ?5 में भरपेट भोजन की व्यवस्था रखी गई है रात्रि कालीन समय में प्रांगण में बड़े-बड़े हैलोजन लगाए गए हैं जिसे समुचित प्रकाश की व्यवस्था मंडी प्रांगण में की गई है।

# सिमरिया क्षेत्र की दो घटनाओं में शामिल आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समय जगत, पन्ना।** जिले के सिमरिया थाना की अलग अलग घटनाओं में शमिल आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मामलों के संबंध में पुलिस अधीक्षक एस साई थोटा ने बताया कि इष्टग्राम पर शादी का झासा दे कर पन्ना जिले की एक युवती आरोपी तीरथ अहिरवार निवासी बॉसा जिला दमोह द्वारा फसाया गया तथा उसे राजस्थान ले गया जहॉ पर आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया मामले को लेकर सिमरिया थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक-33/25 धारा 69 वीनएस पंजीवद्ध किया तथा आरोपी को पकडने के लिय पुलिस अधीक्षक द्वारा पॉच हजार रूपये का इनाम घोषित किया था उक्त आरोपी को सिमरिया थाना प्रभारी के नेतृत्व में 25 मार्च को हरीयाण गुरू ग्राम से गिरफ्तार




कर लिया है तथा उसे जेल भेज दिया है उक्त कार्यवाही में सिमरिया थाना स्टाप तथा साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी प्रकार एक महीला की हत्या करने वाले पॉच हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है सिमारिया थाना अंर्तगत ग्राम विरासन मे चार लोगों ने मिलकर हक्की बाई चौधरी की हत्या कर दी गई थी तथा आरापी फरार हो गये थे जिनके खिलाफ सिमारिया थाना पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक-478/24 धारा 103,191,190 वीएनएस कायम कर विवेचना में लिया था उक्त मामले में आरोपी करोड़ी चौधरी सौखीलाल कुंजीलाल लडाले सियाराम आदि को गिरफ्तार कर लिया था तथा एक अन्य आरोपी विषाल चौधरी फरार हो गया था जिसके उपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पॉच हजार का नगद इनाम घोषित किया था उक्त आरोपी को पुलिस ने 25.03.2025 को गुरूग्राम हरीयाणा से गिरफ्तार कर लिया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लिए रीठी पहुंची टीम



**समय जगत् कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे का जायजा लेने जिला परियोजना अधिकारी एवं टीम द्वारा रीठी जनपद के अनेक पंचायतों का सीईओ रीठी के साथ दौरा किया जा रहा है। बुधवार को जमीनी स्तर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे आवास प्लस सर्वे का जायजा जिला परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह एवं जनपद पंचायत रीठी के मुय कार्यपालन अधिकारी चंदूलाल पनिका द्वारा ग्राम पंचायत तिलगवां, बरयारपुर, निटर्रा, पौड़ी में ग्रामवासियों के मध्य उपस्थित होकर लिया गया, जिसमे सर्वेयर द्वारा ग्राम पंचायत में कुल परिवारों की संख्या, अभी तक आवास योजना में लाभान्वित परिवारों की संख्या, वर्तमान में चल रहे आवास सर्वे के अंतर्गत किए गए पात्र, अपात्र परिवारों की संख्या की जानकारी दी गई। मौका स्थल पर अधिकारियों द्वारा सर्वेयर एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि कोई पात्र हितग्राही आवास योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मां हरसिद्धि मंदिर तरावली में बनेगा 101 फुट ऊंचा भव्य शिखर



**बैरसिया।** प्रसिद्ध मां हरसिद्धि मंदिर तरावली में अब शीघ्र ही भव्य और आकर्षक 101 फीट ऊँचे शिखर का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को मंदिर ट्रस्ट समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री भक्तपाल सिंह राठौड़ ने की। श्री राठौड़ ने बताया कि बीते कई वर्षों से मंदिर में शिखर निर्माण को लेकर योजना बन रही थी। अब यह कार्य ग्राम पुराखाना निवासी स्वर्गीय श्री अजब सिंह यादव के सुपुत्र श्री जगन्नाथ सिंह यादव के सहयोग से संभव हो सका है। उन्होंने मंदिर में शिखर निर्माण हेतु 51 लाख रुपये दान स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए मंदिर ट्रस्ट समिति व क्षेत्रवासियों ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। समिति अध्यक्ष ने जानकारी दी कि मंदिर का शिखर निर्माण कार्य महाराष्ट्र के अनुभवी एवं विशेष कारीगरों द्वारा कराया जाएगा। यह शिखर लगभग 101 फीट ऊँचा होगा, जो मंदिर की भव्यता में चार चाँद लगाएगा और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। बैठक के अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा श्री जगन्नाथ सिंह यादव का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही, सभी ने इस पुनीत कार्य में सहयोग हेतु उनके परिवार का आभार प्रकट किया। वही मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, महंत गुलाब गिरी, गोविंदराम गुर्जर, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामसिंह यादव, मोहन शर्मा, बिहारीलाल साहू राजू पटेल, राजेंद्र सिंह जाट, रघुवीर सिंह कुशवाह, सुनील पुरोहित, राजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित सभी सदस्यगण मौजूद रहे। वही इस मौके पर समिति के सभी सदस्यों ने दानदाताओं का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

### बिलों का भुगतान नहीं करने पर पंद्रह गांव डूबे अंधेरे में



**बांदरी।** वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने मार्च में बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं पर बिल वसूली के लिए दबाव बनाना शुरु कर दिया है। बिजली कंपनी ने बकाया होने को लेकर बांदरी के 15 गांव की बिजली सप्लाई बंद कर दी है, जिससे इन गांवों में अंधेरा छा गया है। पूर्व क्षेत्र विद्युत बिजली कंपनी के कनिष्ठ अभियंता पवन अहिरवार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वितरण केंद्र बांदरी जिला सागर संभाग के अंतर्गत ऐसे गांव जहां के बिजली उपभोक्ताओं के शत प्रतिशत बिल बाकी हैं। ऐसे सभी उपभोक्ताओं को बिल भुगतान करने नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद भी बिलों का भुगतान नहीं किया गया। जिससे 15 गांव की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है। गांव में लगे ट्रांसफॉर्मरों को बंद कर दिया गया है। बिल भुगतान के बाद ही गांव की बिजली आपूर्ति शुरू होगी। कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि बिजली उपभोक्ता ऑफिस में तथा ऑनलाइन भी बिल भुगतान कर सकते हैं। बिल की राशि समय पर जमा करने के लिए उपभोक्ताओं से कहा जा रहा है।

### विद्यार्थियों को बिनिथ बेन्नेट सिलेंडर प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन का कराया भ्रमण

**समय जगत, आगर मालवा।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर में भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वाधान में महाविद्यालय के विद्यार्थियो को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बिनिथ बेन्नेट सिलेंडर प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन का भ्रमण करवाया गया। जिसमे सिलेंडर का निर्माण किस प्रकार से विभिन्न चरणों में संपादित किया जाता है के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पूर्व संस्था प्राचार्य डॉ हितेंद्र सिंह तोमर द्वारा विद्यार्थियों को सिलेंडर के मानक विषय पर जागरुक करते हुए भारतीय मानक ब्यूरो के नोडल अधिकारी प्रताप सिंह कटारा द्वारा भ्रमण कार्यक्रम का संचालन किया गया। संस्था परिवार की ओर से औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम में श्रीमती रीना राजावत ,अंकित गोड़ एवं समीर मुल्तानी उपस्थित रहे।

## गरीबों के बैंक खाता खुलवाकर किया करोड़ों का लेनदेन

# भोले भाले ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**समय जगत, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्नाए श्री साई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकए श्रीमती वंदना चौहान और अनुविभागीय अधिकारी ;पुलिसद्ध पन्नाए श्री एसण्पीण् सिंह बघेल के मार्गदर्शन मेंए थाना प्रभारी बृजपुरए उपनिरीक्षक भानु प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना बृजपुर की पुलिस टीम द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के तहतए ग्रामीण अंचल में निवासरत भोले.भाले लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर उन खातों का उपयोग साइबर अपराधों में करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। थाना बृजपुर में फरियादी राजीलाल गौड़ पिता देवीदीन गौड़ ;उम्र 35 वर्षए निवासी ग्राम रमखिरियाद्ध द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि करीब दो माह पूर्व गाँव में दो अनजान व्यक्ति आए थे। उन्होंने बताया कि वे बाहर से आए हैं और गाँव.गाँव जाकर गरीब लोगों को पैसे बाँटते हैं। उन्होंने फरियादी से कहा कि यदि उसे पैसों की आवश्यकता हैए तो वह एक नया बैंक खाता खुलवा



सकता हैए जिसमें वे पैसे जमा करेंगे। फरियादी ने शुरुआत में खाता खोलने से मना कर दियाए लेकिन जब आरोपियों ने बताया कि गाँव के अन्य लोगों के नाम पर खाते खुलवाए गए हैं और उनमें जल्द ही पैसा आने वाला हैए तो उसने विश्वास कर लिया और खाता खुलवाने के लिए सहमति दे दी। इसके बादए आरोपियों ने सबसे पहले फरियादी के नाम पर एक नई सिम कार्ड निकलवाई और धोखाधड़ी करते हुए उसका आधार कार्डए पैन कार्ड और सिम कार्ड अपने पास रख लिया। आरोपियों ने फरियादी के नाम पर बैंक ऑफ महाराष्ट्रए पन्ना में एक खाता खुलवाया। दो दिन बाद बैंक से उसे खाता संख्या 60513341259 की पासबुक और एटीएम कार्ड प्राप्त हुएए लेकिन आरोपियों ने उसका बैंक खाता में दर्ज सिम कार्ड सहित चेकबुक एवं एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में आरोपियों के विरुद्ध अपण्क्रण् 21675 धारा 318;4द्ध बीएनएस का पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एसण्थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के उचित दिशा निर्देशन में बृजपुर थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुये आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु प्रयास किये गये विवेचना दौरान पुलिस टीम को पता चला कि मामले में आरोपियों द्वारा बृजपुर थाना क्षेत्र में अन्य व्यक्तियों के नाम पर भी इसी तरह से बैंक खाते खुलवाए गए है जिनमे बीरन गौड सुरोमन गौड़ दिनेश गौड़ सुंदरलाल गौड़ एवं संतोष गौड़ के नाम पर भी खाते खुलवाकर उनके एटीएम कार्ड और सिम कार्ड उक्त लोगों द्वारा अपने पास रख लिये इसके अलावा जनकपुर और पन्ना के कुछ अन्य लोगों के नाम पर भी आरोपियों द्वारा इसी तरह बैंक खाता खुलवाये जाने की जानकारी प्राप्त हुई। आरोपियों द्वारा उक्त बैंक खातो का उपयोग करके अवैधानिक रूप से कई लोगो के साथ सायबर धोखाधड़ी कारित की जाकर करोड़ों की राषि का वित्तीय लेन.देन किया गया है जिसको लेकर पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना द्वारा गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर आरोपियों के संबंध में जानकारी साझा की गई।

# विश्व में शहडोल के 'मिनी ब्राज़ील' विचारपुर की हो रही है चर्चा : शुक्ल



**समय जगत, भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि फुटबॉल मानसिक, शारीरिक संतुलन बनाने का खेल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहडोल के मिनी ब्राज़ील के नाम से पहचान बना चुके विचारपुर का जिक्र कई मंचों पर किया है जहां पर खिलाड़ी चार चार पीढ़ियों से फुटबॉल खेल रहे है। उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने शहडोल के मिनी ब्राज़ील विचारपुर मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सपना गुप्ता,सानिया कुंडे सुहानी कोल सहित अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों को किट, फुटबॉल सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया। बस्ती से ज्ञानोदय स्कूल होते हुये खेल मैदान तक रोड कार्य के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदाय की जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कोच रईस अहमद, सीताराम सहित अन्य फुटबॉल कोचों से फुटबॉल खेल के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, पार्षद, सहित अन्य जन प्रतिनिधि, अधिकारी व फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित थे।

# गर्भावस्था दौरान पहली तिमाही में मॉ और शिशु की अच्छी सेहत के लिए अवश्य करायें पंजीयन

**समय जगत, दमोह।** जिले की आशा कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भेंट के दौरान नवीन गर्भवती महिलाओं की पहचान कर पंजीयन का कार्य 23 मार्च से किया जा रहा है। जिसकी निगरानी जिला स्तर से डीसीएम एवं खण्ड स्तर से बीसीएम व डेवलपमेण्ट पार्टनर, सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा की जा रही है। बीते तीन दिनों में 290 नई गर्भवती महिलाओं का पंजीयन एएनएम द्वारा किया गया। इनमें हटा, तेन्दूखेड़ा और जबेरा में सर्वाधिक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् मुकेश जैन ने बताया जैसे ही किसी महिला को लगे कि वह गर्भवती है, मॉ बनने वाली है, तो उसे ग्राम की आशा एवं नजदीकी उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम से संपर्क करना चाहिए। एएनएम द्वारा जांच कर गर्भावस्था में स्वास्थ्य देखभाल के लिए एएनसी पंजी में नाम दर्ज किया जाता हैए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाती है। उच्च रक्तचाप और एनीमिया जैसी समस्याओं का पता चलता है। एएनसी में नाम दर्ज कराने से गर्भावस्था से जुड़ी सभी जानकारियॉ प्राप्त होती है। साथ ही प्रसव के दौरान होने वाली किसी भी परेशानी से बचा जा सकता है। जांच से गर्भवती के स्वास्थ्य को सुधारने और अस्पताल में चिकित्सक एएनएम से संपर्क बनाने का मौका भी मिलता है। सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया पहली गर्भावस्था में टिटनेस के दो टीके एएनएम द्वारा निःशुल्क लगाये जाते है। टिटनेस का पहला टीका पहली जांच के बाद दिया जाता है और दूसरा टीका पहले टीके के कम से कम 4 से 8 सप्ताह बाद लगाया जाता है। प्रसव के बाद मॉ और बच्चे की सुरक्षा के लिए गर्भावधि दौरान निःशुल्क चार बार जांच की जाती है। जोखिम पूर्ण स्वास्थ्य स्थिति का पता चलने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क जांच कराई जाती है। गर्भावस्था दौरान कौन सी सावधानी बरतनी चाहिए। गर्भवती महिला को किस प्रकार का आहार खाना चाहिए, कितना खाना चाहिए इस संबंध में एएनएम एवं आशा द्वारा आवश्यक समझाईश दी जाती है। उन्होंने कहा समस्याओं का सही समय पर पहचान व ईलाज होता है। आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम और कृमिनाशनक गोलियां निःशुल्क दी जाती है। शीघ्र पंजीकरण कराने से शासकीय योजनाओं का लाभ भी मिलता है। मॉ और शिशु की अच्छी सेहत के लिए उचित पोषण और जीवन शैली के बारे में जानकारी मिलती है। सुरक्षित प्रसव के बारे में जानकारी व सलाह दी जाती है।

# कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में जिले की संभावनाओं के अनुसार युवाओं के लिए आयोजित करें प्रशिक्षण : कलेक्टर श्री सिंह

**आगर मालवा।** जिले में कृषि व औद्योगिक क्षेत्रे में जिले की संभावनाओं के अनुसार ही युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाए, जिससे युवा प्रशिक्षण पाकर अपना स्थानीय स्तर पर स्व-रोजगार पा सकें, जिले में मशरूम के उत्पादन के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है, यदि मशरूम का उत्पादन जिले में ही होगा तो ताजा मशरूम सभी को उपलब्ध हो सकेगा, बाहर से मंगवाने की आवश्यकता नहीं होगी, यह बात कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने गुरूवार को भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले के अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) का आजीविका भवन जिला पंचायत परिसर आगर में आयोजित शुभारम्भ समारोह में कहीं। कलेक्टर श्री सिंह ने फीता काटकर आरसेटी का शुभारंभ किया, साथ ही इस वित्त वर्ष के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी माँ सरस्वती का पूजन कर प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी



जिला पचांयत श्रीमती नंदा भलावे कुशरे, बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल के उप आंचलिक प्रबंधक पीके कमल, आरसेटी के राज्य निदेशक मदन कुमार जैन, आंचलिक कार्यालय उज्जैन के वित्तीय समावेशन राहुल जी, अग्रणी जिला प्रबंधक श्रीकांत सक्सेना, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना मुख्य रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि आरसेटी के नवीन भवन हेतु शीघ्र भूमि का आवंटन किया जाएगा। सीईओ जिपं श्रीमती कुशरे ने जिले की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण आयोजित करने तथा उनके बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। उप आंचलिक प्रबंधक पीके कमल ने नई आरसेटी के लिए हर संभव मदद हेतु आश्वस्त किया। राज्य निदेशक मदन कुमार जैन ने आर सेटी की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया तथा आश्वस्त किया कि संस्थान के प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण होते हैं, जिससे निश्चित रूप से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के अंत में आर सेटी संस्थान के निदेशक अजय शंकर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन, उज्जैन आर सेटी के प्रवीण सक्सेना द्वारा किया गया।

# श्री अन्न के उत्पाद पर ब्रांडिंग गैलरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समय जगत, जबेरा।** मध्यप्रदेश राज्य मिलटे मिशन योजना के तहत श्री अन्न के उत्पाद पर ब्रांडिंग गैलरी कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को जबेरा जनपद के टूरिज्म होटल गुबरा कला में किया गया। कार्यक्रम में भाव सिंह लोधी, नोहटा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मंनदीप यादव, जबेरा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत बंटी दुबे, श्री मलैया, भाई लाल पटेल, रामेश्वर पटेल आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मिलटे अन्न जैसे ज्वार, बाजरा, कोदो , कुटकी रागी आदि जो श्री अन्न है इनमें अन्य अनाजों की अपेक्षा अधिक प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट फाइबर रेशा विटामिन आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं और इन्हें उगाने के लिए खाद्य पानी की आवश्यकता नहीं होती है। इनमें शरीर के रोगों



से लड़ने की क्षमता होती है किसान इन फसलों को अधिक से अधिक लगायें। कार्यक्रम में रागी के लड्डू नमकीन लाकर सभी को खिलाने वाले जैविक कृषक बहादुर सिंह का सम्मान करते हुए भाव सिंह लोधी ने कहा कि श्री अन्न फसलों को किसान अधिक से अधिक लगायें उपजाएं और जैविक तरीके से लगाए एवं रासायनिक खाद कीट नाशक खरपतवार नाशी का उपयोग कम से कम करें। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मंनदीप यादव, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत बंटी दुबे ने भी संबोधित करते हुए श्री अन्न के अनाज की उपयोगिता एवं आवश्यकता बताई। इस दौरान किसानों को श्री अन्न के ज्वार की रोटी, मक्के की रोटी, रागी का नमकीन, छाछ आदि का भोजन प्रसाद कराया गया। कार्यक्रम के अंत में कृषि विस्तार अधिकारी केएल चौरसिया द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## पोषण भी पढ़ाई भी अभियान अंतर्गत आयोजन

# जिला अधिकारी नेआंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का किया औचक निरीक्षण

**मालथौन।** पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय सत्र के प्रथम दिवस का आयोजन परियोजना कार्यालय में आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री ब्रजेश त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला-सागर के मार्गदर्शन में संचालनालय के निर्देश अनुसार आगंनबाडी केन्द्रों में क्रियान्वित होने वाले पोषण भी पढाई भी अभियान के लिये द्वितीय चरण के प्रथम दिवस में परियोजना कार्यालय के सभाकक्ष में 87 आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मास्टर टेऊनर्स एवं अजीज प्रेमजी फाउडेंशन के सहयोग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बताया गया कि भारत सरकार के पोषण भी पढाई भी अभियान अंतर्गत आगंनबाडियों में जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चो के लिये नवचेतना, अनौपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता, चिन्हांकन से बच्चों विकास के बारे में बताया गया। जिससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकें। नवचेतना के तहत जन्म से 3 वर्ष तक के



बच्चों को सीखनें समझने एवं बाल मस्तिष्क विकास की सूंपूर्णता के लिये आगंनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को पोषण भी पढाई भी हेतु अनापैचारिक शिक्षा में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिये खेल-खेल में सहज सरल तरीके से शाला पूर्व तैयारी को सुदृढ करने की समझिश दी गई प्रशिक्षण से दौरान ब्रजेश त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उक्त प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया गया।

# फर्जी शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठग लिये 9 लाख 65 हजार रुपये



**समय जगत, खरगोन।** जिले के मंडलेश्वर थानाक्षेत्र में एक कृषक को टेलीग्राम पर शेयर मार्केट में निवेश कर कम दाम पर शेयर खरीदने का लालच लेकर लाखों रुपए की कि गई ठगी मामले में सायबर सेल ने बड़ी सफलता हासिल की है। समय पर शिकायत मिलने पर सायबर सेल ने किसान से ठगी गई राशि बरामद कर किसान को लौटा दी। मिली जानकारी अनुसार मंडलेश्वर क्षेत्र के निवासी किसान ने शिकायत की थी कि कुछ दिन पूर्व उसे टेलीग्राम के माध्यम से शेयर मार्केट में आईपीओ व कम दाम पर शेयर आदि दिलाने का लालच दिया गया था। अज्ञात व्यक्तियों से चेटिंग के दौरान उनके झांसे में आकर कहे अनुसार फर्जी शेयर मार्केट ऐप्लकैशन डाउनलोड किया व पैसे डाले गए। थोड़े दिनों बाद जब अपने निवेश किए पैसे निकालने चाहे तो टैक्स, सर्विस चार्ज आदि के नाम पर और पैसे लिए गए। जब अंदेशा हुआ तब तक वह 9 लाख 65 हजार रुपए गंवा चुका था। इसके बाद थाने आया व शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सायबर डेस्क से संपर्क किया व पूरी घटना बताई। सायबर सेल ने जिन बैंक खातों में फरियादी का पैसा गया था उन्हें तत्काल होल्ड कराया। होल्ड लगने के बाद कानूनी न्यायालयीन प्रक्रिया के उपरांत फरियादी के राशि 9 लाख 65 हजार रुपये वापस कराए गए है।


### नागरिकों से की अपील

- किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन पर अपनी निजी जानकारी व बैंक संबंधी जानकारी शेयर न करे।
- किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई लिंक पर क्लिक न करे ।
- अनजान व्यक्ति द्वारा दिए गए कैशबैकए रिफन्ड आफ़र आदि से बचे।
- किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आने वाली एंचा फाइल को डाउनलोड न करे।
- किसी भी अनजान मोबाईल एप्लीकेशन को मोबाईल की पर्मिशन न दे।
- फर्जी लोन ऐप्लकैशन/ शेयर मार्केट ऐप्लकैशनस से लोन या निवेश न करे ।
- सायबर फ्रॉड हो जाने की स्थिति में गृह मंत्रालय द्वारा जारी हेल्पलाइन न 1930 या एनसीआरपी पोर्टल पर तत्काल शिकायत दर्ज करें या तत्काल नजदीकी पुलिस थाने पर संपर्क करें।

## बीएसएनएल के 30 टावर शुरू, 6 पर टेस्टिंग जारी

# श्योपुर-कराहल एवं श्यामपुर रोड को कवर करने लगेंगे टावर

**समय जगत, श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बीएसएनएल सहित विभिन्न टेलीकाम कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि एनएच-552 श्योपुर से वीरपुर तथा श्योपुर से शिवपुरी मार्ग को नेटवर्क से कवरेज किया जाए। उन्होने कहा कि इन सड़क मार्गो पर ऐसे स्थान जहां नेटवर्क नही आते है, उन स्थानों पर पर्याप्त संख्या में टावर लगाकर नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जायें। उन्होने बीएसएनएल के जेटीओ आंनद बाबू को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए टावर से नेटवर्क की सुविधा निरंतर संचालित रहें तथा जिन 6 टावर पर टेस्टिंग चल रही है, उन्हें भी नियमित रूप से शुरू किया जायें। इसके साथ ही जिले के ऐसे स्थान जहां नेटवर्क की आवश्यकता है, उन स्थानों का आंकलन कर टावर लगाने के प्रस्ताव भेजे जायें। बैठक में बताया गया कि श्योपुर, कराहल एवं श्यामपुर रोड को कवर करने के लिए



जीयो द्वारा कलमी, गोरस, कराहल तथा एयरटेल द्वारा ओछापुरा में टावर लगाए जाएगे। बीएसएनएल के जेटीओ आंनद बाबू ने बताया कि श्योपुर जिले में पूर्व से 18 टावर कार्य कर रहे है, हाल ही में ग्रामीण क्षेत्र में 30 टावर लगाकर शुरू कर दिए गये है, इसके साथ ही 6 स्थानों पर टेस्टिंग का कार्य चल रहा है, जिले में बीएसएनएल के कुल 54 टावर है। इसके साथ ही 20 स्थानों पर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नये प्रस्ताव बनाकर भेजे गये है। एयरटेल के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि उनके 90 टावर जिले में नेटवर्क सुविधा प्रदान कर रहे है, हाल ही में ओछापुरा, बर्धाबुजुर्ग, श्योपुर के चूडी मार्केट तथा ढेगदा में नये टावर लगाकर शुरू कर दिये गये है, अगले एक महीने में बुढेरा, गोरस, बरगवा, पानडी एवं कलेक्ट्रेट क्षेत्र में टावर चालू कर दिये जायेगे। वोडाफोन एवं आइडिया के प्रतिनिधि ने बताया कि वीआई द्वारा जिले में 47 टावर संचालित किये जा रहे है, हाल ही में ढेगदा, चंबल कॉलोनी में दो स्थानों पर, पोस्ट आफिस, बडौदा, किला श्योपुर में टावर लगाये गये है। इसके अलावा बडौदा में दो स्थानों पर, सलमान्या, चन्द्रपुरा, खातौली तिराहा, माकडोद, अजापुरा, ढोढपुर, गुरनावदा में नये टावर लगाए जाएगे। जीयों के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि उनके कुल 130 टावर संचालित है, हाल ही में बस स्टैण्ड श्योपुर, कुम्हार खेडली, रेलवे स्टेशन, ब्लॉक कॉलोनी, मानपुर में टावर लगाये गये है, इसके साथ ही कलमी, गोरस, कराहल तथा कलेक्ट्रेट क्षेत्र में नवीन टावर लगाये जायेगे।

## दो लाख रुपए से भरी थैली को ले उड़ा चोर, सोसाइटी में देने के लिए बैंक से निकाले थे पैसे



**समय जगत, बड़वाह।** ग्राम लालपुरा से आए ग्रामीण की थैली से दो लाख रुपए चोर ने दिन दहाड़े चोरी कर ली। जिसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया। जिसमें चोर ने बड़ी आसानी गाड़ी में पैसे से भरी लाल थैली को निकालते दिख रहा हैं। घटना शुक्रवार सुबह की हैं। जब ग्रामीण सोसायटी में पैसे जमा करने के लिए बैंक से पैसे निकाले थे। मात्र एक मिनिट में चोर ने गायब कर दिए। ग्रामीण विष्णु चावड़ा ने बताया कि सोसायटी में जमा करने की आखिरी तारीख थी। उसी के लिए बैंक से दो लाख रुपए निकाल कर लाया था। पैसे जेब में नहीं आए इसलिए थैली में रखे। थैली को गाड़ी के हैंडल में टांग दी। उसके बाद उमड़ेखर मार्केट में मोबाइल की दुकान पर पानी पीने के लिए रुका था। मात्र एक मिनट में गाड़ी के हैंडल में टंगी थैली के साथ दो लाख रुपए गया। इसकी सूचना स्थानीय थाने में भी दे दी हैं।

## कूनो बफर जोन से लगे ग्रामों के सरपंच सचिवों की बैठक की गई आयोजित



**श्योपुर, ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में कूनों वन मंडल के आसपास लगे 55 ग्रामों के सरपंचों और पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित कर उन्हें चीतों की सुरक्षा तथा चीतों के व्यवहार के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। डीएफओ कूनो आर थिरूकुरल एवं जिला पंचायत सीइओ अतेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा जिला पंचायत सभागार में आयोजित उक्त बैठक के दौरान चीतों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने तथा चीता प्रोजेक्ट के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए चीतों के व्यवहार के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर चीतो की जीवनशैली, व्यवहार पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। डीएफओ आर थिरूकुरल ने कहा कि यह हमारे जिले के लिए गौरव की बात है कि भारत में चीतों को बसाने की योजना हमारे यहां शुरू हुई। अंर्तमहाद्वीपीय चीता पुर्नस्थापन का यह प्रोजेक्ट सफलता के साथ आगे बढ रहा है। दक्षिण अफ्रिका और नामिबीया से 20 चीते आए थे, अभी चीतों की संख्या 26 है। चीतों को भारत में बसाने की इस योजना में सभी ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग की निरंतर आवश्यकता है। उन्होने कहा कि ग्राम में चीता दिखाई देने पर घबराए नही, चीतों के आसपास भीड न लगाए, उन्हें केवल शोर करके भगाए तथा सुरक्षित जंगल में जाने दें। ग्रामीणों को बताया जाए कि चीता इंसानों के लिए खतरा नही है, इसके साथ ही यह भी बताया जाए कि यदि चीता मवेशियों को नुकसान पहुंचाता है तो वन विभाग द्वारा तत्काल ही उसे मुआवजा राशि भी प्रदान की जाती है। जिला पंचायत सीइओ अतेंद्र सिंह गुर्जर ने उपस्थित सरपंच एवं सचिवों से अपेक्षा की कि चीतों की सुरक्षा हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसलिए लोगों को समझाइश दें तथा चीतों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि सरपंच एवं सचिव गांव में चीता दिखाई देने पर तत्काल कन्ट्रोलरूम को सूचना प्रदान करें।

## क्षेत्र की जनता की सुविधाओं का विस्तार है मेरा लक्ष्यः सबनानी



**समय जगत, भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 27 के एलआईजी कार्टर कोटरा के मुख मार्ग पर रोड डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा शुक्रवार को किया गया। मुख्य मार्ग पर बनने वाली सड़क के लिए क्षेत्रीय नागरिक और व्यापारियों ने विधायक से निवेदन किया था जिसका भूमि पूजन शुक्रवार को किया गया और जल्दी ही कार्य भी शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर श्री सबनानी ने कहा कि क्षेत्र का विकास हो जनता की सुविधाओं का विस्तार हो इसके लिए मैं सदा ही प्रयत्नशील रहता हूं, और जिन समस्याओं की जानकारी मेरे पास आती है मेरा सदैव यही लक्ष्य रहता है कि उनका निवारण जल्द से जल्द हो,और लोगों की सुविधाओं का विस्तार हो, हमारी विधानसभा में कुछ बड़ी योजनाएं भी आने वाली हैं जिनका काम भी आने वाले समय में शुरू हो जाएगा और क्षेत्र की जनता को उसका लाभ मिलेगा। हमारे क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निरंतर जनता के बीच रहते हैं और उनकी छोटी बड़ी समस्याओं के निवारण का हर संभव प्रयास करते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाडे संतोष ब्रह्मभट्ट प्रतिक्षा ब्रह्मभट्ट निधि चौरसिया राजकुमारी चौरे वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश जैन अनुपम लीलाधर यादव दिनेश भारती रामनेता सिंह नंदू केलकर मोहनलाल गुप्ता टी एस राठौर पंकज डाले सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

# अलविदा जुमे की नमाज में सैकड़ों लोग हुए शामिल

**समय जगत, सिरोंज।** रमज़ान के महीने के आखिरी जुमे पर अलविदा जुमे की नमाज मे मस्जिदों मे बहुत भीड़ देखने को मिली गांव, शहर सब जगह का आदमी मस्जिदों मे अलविदा के जुमे की नमाज पढ़ने के लिए सुबह से ही आ गए थे सभी लोग जुमे की नमाज से पहले मस्जिद मे आ कर अपनी अपनी नफ़ल नमाजे पढ़ने मे व्यस्त रहे उसके बाद जुमे की नमाज पड़कर ही बाहर आए। जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले मौलवी जाहिद अली नदवी ने बयान करते हुए लोगों को इंसानियत के रास्ते पर चलने की बात कही उन्होंने कहा जैसे हम लोग रमजान मे बुरे कामों से बचते हे अच्छी बाते करते हे नमाज पाबंदी से पढ़ते हे किसी का बुरा करने का नहीं सोचते हे इसे ही हमे रमजान के बाद भी अच्छा इंसान बन कर जिंदगी गुजारना हे जैसे हमारे नबी मोहम्मद साहब ने जिंदगी गुजारने का तरीका हमे बताया हे उनके रास्ते पर चलकर हमारी जिंदगी कामयाब बनेगी मौलवी जाहिद अली नदवी ने जकात



और फितरे पर बयान करते हुए बताया कि जिस इंसान पर ज़कात फ़र्ज़ हे उसे जल्द से जल्द ज़कात अदा करना चाहिए और ईद की नमाज़ से पहले सदका ए फितर अदा करना चाहिए जो घर के हर इंसान की तरफ से अदा किया जाता हे जामा मस्जिद मे अलविदा के जुमे की नमाज हाफ़िज़ मुईन उद्दीन ने पढ़ाई उसके बाद दुनिया मे अमन, शांति, भाईचारे की दुआ कराई जिस पर उपस्थित नमाजियों ने आमीन कहा ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के प्रदेश सचिव डॉक्टर वसीम ने बताया कि हर गरीब इंसान को भी ईद का त्यौहार मनाना हे गरीब भी अपनी ईद अच्छे से मना सके इंसान को अपनी जकात और सदका ईद से पहले निकाल देना चाहिए।

जिससे जिस गरीब तक आपकी जकात और सदका पहुंचे वो भी ईद की तैयारियां ईद से पहले कर ले ईद की खुशियों मे गरीबों का बहुत बड़ा हक़ होता है। अलविदा के जुमे की नमाज इन मस्जिदों मे अदा की गई। 27 मस्जिदो , एवं तीन मदरसों मे नमाज हुई। जामा मस्जिद, अरीठे वाली मस्जिद, कोर्ट वाली मस्जिद, मदरसा इस्लामिया मस्जिद, टोरी वाली मस्जिद, घेर वाली मस्जिद, मस्जिद नबी अकरम, सिविल कोर्ट वाली मस्जिद, नक्कास वाली मस्जिद कीड़ी, बड़ी मस्जिद, नाले वाली मस्जिद, फूल मस्जिद, कमन गिरान मस्जिद, नन्नी बी वाली मस्जिद, मदीना मस्जिद, कछवाड़े वाली मस्जिद आदि शामिल हैं।




# रेत माफियाओं के आतंक पर कब लगेगी लगाम?

**समय जगत, मुरैना।** चम्बल रेत उत्खनन को लेकर और अवैध परिवहन रोकने के लिए शासन प्रशासन से लेकर पुलिस महकमे की जिम्मेदारी अधिक बनती है लेकिन पुलिस इस जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पाती है। चाहे महुआ उसैद घाट का मामला हो या फिर चम्बल चिन्नौनी और देवगढ़ व राजघाट का, लगातार उत्खनन हो रहा है। पुलिस और प्रशासन इस मामले को नजर अंदाज कर रहे हैं। हाल ही में बीती रात अवैध रेत उत्खनन का एक डम्फर हरे रंग का बिना नंबर का वन विभाग ने पकड़ लिया। जिसको लेकर वन विभाग स्थानीय पुलिस थानों में देर रात तक



घूमता रहा। किसी भी पुलिस थाने द्वारा उस डम्फर रखकर सुपुर्दगी देने के लिए तैयार नहीं था। लगातार थानों में फोन की घंटियां बज रही थीं। जैसे कोई बड़ा अधिकारी उस मामले के पीछे खड़ा हो। जैसे-तैसे सिटी कोतवाली थाने में डम्फर को रखवा दिया। डम्फर किसका है इसका तो पता नहीं लेकिन डम्फर के ऊपर एक नंबर मोबाईल का अंकित है जिसमें चारों तरफ एएस कंषाना लिखा हुआ है। जो आज मीडिया की सुर्खियों में रहा। बहरहाल अवैध रेत उत्खनन के इस नजारे ने यह तो साबित कर दिया कि पुलिस अवैध रेत उत्खनन के अपराध में बराबर की हिस्सेदार है। मजे की बात तो यह है कि न्याय तंत्र और प्रशासन तंत्र सरकार सभी मिलकर इस अवैध उत्खनन को रोकने का प्रयास करते हैं फिर भी यह गंभीर अपराध नहीं रूकता है। इसको लेकर आम जन मानस अश्चर्य में है।




स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com